दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 318 जयपुर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**ईडी की रेड:** चुनाव प्रक्रिया के बीच राजस्थान में ईडी की एंट्री और एक्शन

# PCC अध्यक्ष डोटासरा और MLA हुडला के कई ठिकानों पर छापे

- राज्य में प्रवर्तन निदेशालय फिर हुआ सक्रिय, अनेक दस्तावेज जब्त करने की है सूचना
- पेपरलीक मामले के तथ्यों के आधार पर कार्रवाई, पीएमएलए कानून में कर रही ईडी कार्रवाई




**बेधड़क | जयपुर**


सेकंड ग्रेड शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा-2022 के पेपरलीक प्रकरण में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और महुवा के निर्दलीय विधायक और इस बार कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. ओमप्रकाश हुडला के कई ठिकानों पर छापे मारे। ईडी अधिकारियों ने गुरुवार सुबह करीब 9 बजे इन दोनों नेताओं के आवासों सहित इनके रिश्तेदारों और सहयोगियों के करीब एक दर्जन ठिकानों पर छापे मारे।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पेपर लीक मामले में पुलिस ने उदयपुर में जो प्राथमिकी दर्ज की उसी को आधार बना कर ही ईडी ने कार्रवाई शुरू की। ईडी इससे पूर्व 22 ठिकानों पर दो बार कार्रवाई कर 3 करोड़ 11 लाख 93 हजार 597.98 रुपए की सम्पत्तियां पीएमएलए कानून में जब्त भी कर चुका है।

अब तक ईडी इस मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा, कथित मास्टर माइंड अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा, भूपेन्द्र सारण आदि को गिरफ्तार भी किया। ईडी ने कस्टडी हासिल कर इनसे पूछताछ की, जिसमें ईडी अधिकारियों को जो जानकारियां मिली, उनके विस्तृत विश्लेषण के बाद वर्तमान में कार्रवाई की जा रही है। बहरहाल, ईडी ने गुरुवार को छापेमारी को लेकर देर रात तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

### वैभव गहलोत को बुलाया, नहीं पहुंचे

ईडी ने वैभव गहलोत को दिया गया समन भी गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। निदेशालय के दिल्ली मुख्यालय की जांच इकाई-प्रथम द्वारा जारी इस समन में वैभव को ट्राइटन होटल्स और रिसोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में फेमा के तहत गुरुवार सुबह 11.30 बजे अपना पक्ष रखने को कहा गया था, लेकिन वैभव दिल्ली नहीं पहुंचे और उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिए जाने का ईडी से आग्रह किया है।



## ईडी-आईटी ने मचा रखा है आतंक: सीएम गहलोत



**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह लोग टिड्डी दल की तरह ईडी का उपयोग कर रहे हैं। हमारे यहां पाकिस्तान से जिस तरह टिड्डी दल आता है, सब कुछ चट कर जाता है, फसलों को चौपट कर देता है। ईडी ने भी टिड्डी दल की तरह ही हमला किया है।

सीएम गहलोत बोले कि जहां-जहां ईडी टीम गई, वहां-वहां भाजपा साफ हो गई, यहां भी हो जाएगी। जहां भी चुनाव होते हैं, वहां पहले ईडी-इनकम टैक्स के छापे शुरू हो जाते हैं। कर्नाटक में 22 बार छापे डाले गए, वहां कांग्रेस जीती। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हवा चल रही है, वहां लगातार छापेमारी चल रही है। वहां मुख्यमंत्री को परेशाान किया जा रहा है। राजस्थान में मैंने कई बार कहा है कि जनता का मन सरकार को रिपीट करने का है, इसलिए इनको तकलीफ हो रही है।

### एजेंसियों की घट रही क्रेडिबिलिटी

गहलोत ने कहा कि देश की प्रीमियम एजेंसियों की साख नहीं रहेगी तो क्या बचेगा? इन एजेंसियों की क्रेडिबिलिटी होती थी, आज उल्टा हो रहा है। सवाल मेरे बेटे और डोटासरा पर छापों का नहीं, इन एजेंसियों की साख का है। इन एजेंसियों ने पूरे देश में आतंक मचा रखा है।

### उन्होंने चुनी हुई सरकारों को गिराया, हमने दिल जीता

गहलोत ने कहा अभी तो हमने दो गारंटी दी है और हमारे दो नेताओं पर छापे डाल दिए। हुडला को कांग्रेस का टिकट मिलते ही छापा पड़ गया। पहले इन्हें उम्मीद थी कि शायद भाजपा में आ जाएंगे। डोटासरा किसान का बेटा है। उनको टारगेट किया गया है। इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। भाजपा ने प्रदेशों में चुनी हुई सरकारों को गिराया। मोदी हो, चाहे अमित शाह हो, सरकार गिरा नहीं पाए, इसलिए मुझे टारगेट कर रहे हैं।

**किरोड़ी-गजेंद्र पर साधा निशाना:** गहलोत ने कहा कि डोटासरा पर कोई केस दर्ज नहीं, कोई शिकायत नहीं, लेकिन छापा मारा। शिकायत करने वाले किरोड़ी मीणा की खुद की कोई क्रेडिबिलिटी नहीं हैं। गजेंद्र शेखावत के खिलाफ इथोपिया में इन्वेंस्टमेंट की शिकायत हुई। एसओजी के रिमाइंडरों पर भी ईडी कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

### भाजपा का प्रचार करने आई ईडी: रंधावा

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि भाजपा को अपने कमल के निशान में ईडी और इनकम टैक्स को भी शामिल कर लेना चाहिए। राजस्थान में भाजपा का प्रचार करने के लिए ईडी आई हैं। केवल कांग्रेस शासित राज्यों में ही ईडी के छापे क्यों पड़ रहे हैं।



### डोटासरा का संदेश- 'सत्यमेव जयते'

ईडी की छापेमारी के बाद गोविंद सिंह डोटासरा ने 'एक्स' पर लिखा कि 'सत्यमेव जयते।'

**कांग्रेस की तीसरी सूची जारी:** 19 प्रत्याशियों के नाम घोषित, अब तक 95 टिकट फाइनल

# तारानगर में राजेंद्र राठौड़ की टक्कर नरेंद्र बुडानिया से



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 19 नाम शामिल किए गए हैं। इन तीन सूचियों के साथ ही कांग्रेस ने अब तक 95 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं।

हालांकि अभी भी कांग्रेस को आधी से अधिक 105 सीटों पर उम्मीदवारों के सिंगल नाम तय करने हैं। इससे पहले कांग्रेस ने पहली सूची में 33 और दूसरी में 43 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की थी। गहलोत सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी का नाम इस सूची में भी नहीं आया है। उम्मीद है अगली सूची में इन्हें टिकट मिल सकता है।

### प्रदेश में अब तक 52 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी तय

### इन 19 चेहरों को मिली टिकट

- तारानगर- नरेंद्र बुडानिया
- रतनगढ़- पूसाराम गोदारा
- सूरजगढ़- श्रवण कुमार
- सीकर- राजेंद्र पारीक
- बगरू- गंगा देवी वर्मा
- नगर- वाजिब अली
- धौलपुर- शोभारानी कुशवाहा
- करौली- लाखन सिंह मीणा
- सपोटरा- रमेश चंद मीणा
- बांदीकुई- गजराज खटाना
- देवली उनियारा- हरीश चंद्र मीणा
- मसूदा- राकेश पारीक
- पचपदरा- मदन प्रजापत
- रेवदर- मोतीराम कोली
- झाड़ोल- हीरा लाल दरांगी
- सहाड़ा- राजेंद्र त्रिवेदी
- केशोरायपाटन- सीएल प्रेमी बैरवा
- अटरू- पाना चंद मेघवाल
- गंगापुर सिटी- रामकेश मीणा



रमेश मीणा
सपोटरा

हरीशचन्द्र मीणा
देवली-उनियारा

शोभारानी कुशवाहा
धौलपुर

राजेन्द्र पारीक
सीकर

### एक मंत्री और 11 विधायकों को टिकट

इस सूची में एक मंत्री और 11 विधायकों को जगह दी है। सहाड़ा से उपचुनाव में जीतीं गायत्री त्रिवेदी का टिकट काट उनके देवर राजेंद्र त्रिवेदी को उम्मीदवार बनाया गया है। इस सूची में दो महिलाओं और एक मुस्लिम चेहरे को टिकट दिया गया हैं।

### कहां-कौन आमने-सामने

| विधानसभा | कांग्रेस | बीजेपी |
|---|---|---|
| तारानगर | नरेन्द्र बुडानिया | राजेंद्र राठौड़ |
| रतनगढ़ | पूसाराम गोदारा | अभिनेष महर्षि |
| सुरजगढ़ | श्रवण कुमार | संतोष अहलावत |
| बगरू | गंगा देवी | कैलाश वर्मा |
| बांदीकुई | गजराज खटाना | भागचंद डाकरा |
| धौलपुर | शोभारानी कुशवाहा | शिवचरण कुशवाहा |
| सपोटरा | रमेश चंद मीणा | हंसराज मीणा |
| देवली-उनियारा | हरीश मीणा | विजय बैंसला |
| रेवदर | मोतीराम कोली | जगसीराम कोली |

### संकट के साथियों का रखा ख्याल

पार्टी ने पिछली बार के बागी, लेकिन संकट में साथ देने वाले सीएल प्रेमी, पूसाराम गोदारा और रामकेश मीणा, बसपा से आए लाखन मीणा व वाजिब अली तथा भाजपा से आई शोभा का पूरा ख्याल रख उन्हें टिकट दिया। वहीं, केशोरायपाटन से पायलट के करीबी राकेश बोयत का टिकट काटा गया। वहीं, रेवदर से नए चेहरे को मौका मिला।

**नौ सीटों पर मुकाबला तय:** 19 नामों की सूची में 9 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा भी अपने पत्ते खोल चुकी है। इन्हें मिलाकर अब तक 52 सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी हैं।

**इन पायलट समर्थकों को टिकट:** इस लिस्ट में बांदीकुई से गजराज खटाना, मसूदा राकेश पारीक और देवली से हरीश मीणा को टिकट मिला है। ये पायलट कैंप के माने जाते हैं।

**भाजपा की तीसरी सूची एक-दो दिन में**

# अब कोई भी टिकट बदलने का सवाल ही नहीं: प्रह्लाद जोशी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए 124 प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के बाद भाजपा जल्द ही अपनी तीसरी सूची भी जारी करने वाली है। इस संबंध में प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रत्याशियों को लेकर मंथन हो रहा है, एक-दो दिन में तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी।



वहीं, घोषित प्रत्याशियों के हो रहे विरोध पर उन्होंने कहा कि अब घोषित प्रत्याशियों के नामों पर कोई पुनर्विचार नहीं होगा, जिसको टिकट दे दिया है वही चुनाव लड़ेगा। पार्टी ने एक बार जो फैसला कर लिया, उसे वापस नहीं लिया जाएगा। प्रत्याशी बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। इसके अलावा जोशी ने प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं पर हो रही ईडी की कार्रवाई को सही बताते हुए कहा कि बेरोजगारों पर हुए अन्याय के खिलाफ जब न्याय मिलने का समय आ रहा है तो कांग्रेस और मुख्यमंत्री को दर्द क्यों हो रहा है?

**WC: अब श्रीलंका ने किया बड़ा उलटफेर**

# श्रीलंका के आगे बुरी तरह पस्त डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड

**एजेंसी | बेंगलुरु**

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में श्रीलंका ने गुरुवार को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 8 विकेट से हरा दिया।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 33.2 ओवर ही खेल सकी और 156 रन पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी



श्रीलंका की टीम ने शुरुआती झटकों के बाद भी आसानी से टारगेट को हासिल कर लिया। श्रीलंका ने 25.4 ओवर में ही सिर्फ 2 विकेट खोकर 160 रन बना डाले। श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका ने 77 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा, सदीरा समरविक्रमा ने 65 रनों की बड़ी पारी खेली। बता दें कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने श्रीलंका के दोनों विकेट चटकाए हैं। वहीं, इंग्लैंड की ओर से बेन स्टोक्स में सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली।

**'आप' की पहली सूची जारी**

# आमेर से तोमर और विद्याधर नगर से बियानी को दिया टिकट




**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने भी 23 प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। पार्टी ने जयपुर की आमेर सीट पर पीएस तोमर, विद्याधर नगर से संजय बियानी और बगरू से रितु सांवरिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा गंगानगर से डॉ. हरीश रहेजा, रायसिंह नगर से धन्ना राम मेघवाल, भादरा से महंत रूपनाथ, पिलानी से राजेंद्र मावर, नवलगढ़ से विजेंद्र डोटासरा, खंडेला से राजेश वर्मा, नीम का थाना से महेंद्र मांड्या, मुंडावर से अनिता चौधरी, थानागाजी से कैलाश मीना, वैर से चरणदास जाटव, बयाना से मुकेश टाइगर, निवाई से महेश कुमार, देवली से डॉ. राजेंद्र सिंह मीणा, गोगुंदा से हेमाराम, उदयपुर से मनोज लबाना, डूंगरपुर से देवेंद्र कटारा, आसपुर से मुकेश कुमार, चौरासी से शंकर लाल आमलिया और कुशलगढ़ से विजय सिंह को टिकट दिया है।

### पंजाब में जीत से उत्साहित

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद जब से पंजाब में बड़ी जीत हासिल कर सरकार बनाई है, तब से वह उत्तर भारत में फैलाव को लेकर काफी उत्साहित है। यही वजह है कि इस बार गंभीरता से राजस्थान में भाग्य आजमाने की कवायद कर रही है।

**एसीबी के एक्शन बड़े-रिजल्ट छोटे**

# आय से अधिक संपत्ति के 14% मामलों में एफआर...

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामलों को दर्ज करने के बाद 14 फीसदी मामलों में एफआर लगा रहे हैं, कार्रवाई सिर्फ 6 फीसदी मामलों में ही हुई। और तो और, 80 फीसदी मामलों में तो एसीबी ने प्रकरण दर्ज करने के कई माह बाद भी जांच पूरी नहीं हुई। ऐसे में की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। एसीबी ने जांच में मुकदमा दर्ज करने से पहले आरोपी की आय से उसकी संपत्ति 50 से 100 फीसदी अधिक मानकर केस दर्ज किया। सवाल है कि क्या एसीबी ने आरोपियों की छवि खराब करने के लिए मुकदमे दर्ज किए या फिर मिलीभगत से एफआर लगा दी?



### डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाता है

"आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी पक्ष से संपत्ति अर्जित करने के साधन पूछे जाते हैं। वह संपत्ति अर्जित करने के डॉक्यूमेंट्स पेश करता है। इसके बाद में वेरिफिकेशन किया जाता है और फिर निर्णय लिया जाता है। निर्मला मीणा के मामले में क्या निर्णय हुआ देखकर ही बता पाऊंगा।

\- **हेमंत प्रियदर्शी,** कार्यवाहक डीजी, एसीबी

**चार साल में दर्ज प्रकरणों की स्थिति:** 'सच बेधड़क' ने जनवरी 2019 से जनवरी 2023 तक दर्ज हुए आय से अधिक संपत्ति के प्रकरणों की खंगाला तो सामने आया कि ने इन चार सालों में आय से अधिक संपत्ति के 100 प्रकरण दर्ज हुए। इनमें से केवल 6 में ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। 14 में एफआर लगा दी गई और 80 केस में जांच ही पूरी नहीं हुई।

**मकसद क्या!** छवि खराब करना या फिर मिलीभगत से क्लीनचिट

### आईएएस के चर्चित प्रकरण में एफआर

एसीबी ने आईएएस निर्मला मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया था। एफआईआर के अनुसार मीणा व उनके पति की आय से 200 फीसदी से ज्यादा संपत्ति मानी थी। जांच में निर्मला मीणा, उनके पति और पुत्र के पास रजत अपार्टमेंट, मानसरोवर जयपुर में फ्लैट, पचपदरा में 15 बीघा कृषि भूमि, बिनावास में 3 बीघा कृषि, जोधपुर में पाल गांव में 2400 वर्ग फीट व 2700 वर्ग फीट के भूखंड, झालामंड में कृषि भूमि, जयपुर में मंगल विहार में फ्लैट, जोधपुर के कुड़ी भगतासनी व इंदिरा गांधी नगर में भूखंड, जोधपुर में उचियारड़ा में कन्वर्टेड भूखंड, जोधपुर के राजीव गांधी नगर, आवासन मंडल कॉलोनी व कृष्णा नगर में भूखंड, आबूरोड के ओरिया में जमीन, आशापूर्णा वैली जोधपुर में भूखंड, एस्सार पेट्रोल पंप में निवेश, जोधपुर के उम्मेद हेरिटेज और आशापूर्णा वैली में एक-एक भूखंड होने की बात सामने आई थी।

## जरूरी खबर

### आरएसएस आज मनाएगा शरद पूर्णिमा महोत्सव

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दौरान स्वयंसेवक शहर की 376 कच्ची बस्तियों में खीर का वितरण करेंगे। दरअसल, शरद पूर्णिमा पर ही वाल्मीकि जयंती भी मनाई जाती है। ऐसे में संघ की ओर से सामाजिक समरसता के लिए वाल्मीकि समाज के लिए यह आयोजन किया जाता है। इस बार शरद पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण होने के कारण एक दिन पहले उत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

### आवासीय विद्यालयों में बनाए जाएंगे किचन गार्डन

**जयपुर।** प्रदेश में संचालित 328 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को राज्य स्तरीय वीडियो कांफ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। कांफ्रेंसिंग की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने की। इस अवसर पर जैन ने कहा कि इन संस्थाओं में अध्ययनरत बालिकाओं में हैप्पीनेस बढ़ाने और प्रकृति के साथ लगाव पैदा करने के लिए किचन गार्डन विकसित करने का कंसेप्ट लागू किया जाए। इस दौरान राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधीक्षण अभियंता, उपायुक्त, उप निदेशक, सहायक निदेशक और कई जिलों से आए समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मौजूद रहे।

### 283 करोड़ की अवैध नकदी व सामग्री जब्त



**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में आचार संहिता की पालना के लिए बरती जा रही सख्ती के चलते 16 दिन में 283 करोड़ की अवैध नकदी व सामग्री जब्त की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया 9 अक्टूबर से अब तक 283 करोड़ रुपए की अवैध नकदी, अवैध शराब व सामग्री जब्त की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में अब तक सबसे अधिक 54.62 करोड़ रुपए की जब्ती हुई है। अलवर में 15.53 करोड़, उदयपुर 15.36 करोड़, भीलवाड़ा 14.26 करोड़, बांसवाड़ा 14.25 करोड़, जोधपुर 12.08 करोड़, बाड़मेर 10.98 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है।

## ईडी की कार्रवाई पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

# बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं को बना रहे निशाना: पायलट

### पेपर लीक से पीड़ित युवाओं के मन में न्याय की उम्मीद जागी: भाजपा

■ डोटासरा के समर्थन में विधायक धरने पर, आज सीकर बंद का आह्वान

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में हुई ईडी की छापेमारी के बाद कांग्रेस और भाजपा नेता आमने-सामने हो गए हैं और एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार पर एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया हैं।

पायलट ने कहा कि भाजपा को अपनी हार दख रही है, जिससे बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं भाजपा नेताओं ने इस कार्रवाई को सही करार देते हुए सफाई दी हैं। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा है कि पेपर लीक से पीड़ित युवाओं के मन में न्याय मिलने की उम्मीद जागी है। गौरतलब है कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर आवास पर ईडी ने छापेमारी की। जिसके बाद कांग्रेस की ओर से इस कार्रवाई का विरोध किया गया। जयपुर में सिविल लाइंस स्थित डोटासरा के सरकारी आवास के बाहर रेड के विरोध में प्रदर्शन किया गया और पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। वहीं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भी पुतला दहन किया। डोटासरा के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ता ईडी की गाड़ियों के सामने भी आ गए। प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने कहा- केंद्र की तानाशाही सरकार अपनी बर्बरता का प्रदर्शन कर रही है। राजस्थान का नौजवान, छात्र और हर जागरूक नागरिक इस बर्बरता की निंदा करता है। वहीं सीकर स्थित डोटासरा के घर पर शुरू हुई छापेमारी के बाद उनके घर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता, विधायक और समर्थक कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। देर शाम प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सीकर पहुंचे। वहीं कार्रवाई के विरोध में तेजा सेना ने शुक्रवार को सीकर बंद का आह्वान किया है। सीकर व्यापार संघ की ओर से कांग्रेस के बंद को समर्थन दिया गया है।

### डोटासरा शेर हैं, डरेंगे नहीं: रंधावा



सीकर पहुंचे प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह ने कहा कि डोटासरा शेर हैं, डरेगा नहीं। एक किसान के बेटे को परेशान किया जा रहा है। झांसी की रानी की तरह हम इंदिरा गांधी के विचारों की तरह लड़े। ईडी कार्रवाई भाजपा को सफाए की तरफ भेजेगी। दो गारंटी पर दो रेड हम पांच गारंटी ओर देंगे।

### कार्यकर्ताओं से शांति की अपील: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर में घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें डरने की जरूरत नहीं है। ईडी अपना काम कर रही है, करने दीजिए। कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की।

### राजनीतिक हथियार के तौर पर एजेंसियों का इस्तेमाल

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी ईडी के छापों पर कहा कि इन छापों से हम डरने वाले नहीं हैं। ईडी कार्रवाई करती है और उसका जवाब भाजपा दे रही है। एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के तौर पर हो रहा है। हम सबको राहुल गांधी से प्रेरणा लेनी चाहिए उनके ऊपर भी नाना प्रकार के केस लगाए, ईडी ने कई बार बुलाया, वे पेश हुए। कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, हम यह चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे। वैभव के समन को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री के बेटे को 12 साल पुराने मामले में अब अचानक से समन भेजा गया। करप्शन के खिलाफ, गलत काम करने वालों के खिलाफ एक्शन हो, लेकिन एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल गलत है। सब लोग जानते हैं इसके पीछे क्या सोच होगी?

### हम भागने वाले नहीं हैं: वैभव



आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत यह सब किया जा रहा है। इस पूरे मसले में कोई नई बात नहीं है। हम भागने वाले नहीं है, सब जवाब देंगे। मुझे 25 अक्टूबर दोपहर में 3 बजे ईडी का समन मिला। गुरुवार सुबह 11:30 बजे तलब किया गया। 24 घंटे से कम समय दिया गया। मैंने वकीलों से बात की और समय मांगा है। ईडी के जो भी सवाल होंगे उनका जवाब दूंगा।

### शेखावत पर करें कार्रवाई

सीएम गहलोत के विशेषाधिकारी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा ने कहा कि अगर ईडी जैसी स्वतंत्र जांच एजेंसियां केंद्र सरकार के दबाव में काम नहीं कर रही है तो उन्हें राजस्थान में संजीवनी घोटाले में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर कार्रवाई करनी चाहिए। देशभर में ईडी की कांग्रेसी नेताओं पर हो रही कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि ईडी केंद्र सरकार के टूल के रूप में काम कर रही है। भाजपा के कई आला नेता आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

### कार्रवाई से सीएम परेशान क्यों हो रहे हैं: प्रहलाद

भाजपा राजस्थान के चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ईडी की कार्रवाई पर सफाई देते हुए कहा कि प्रदेश में 19 बार रिकॉर्ड पेपर लीक से 70 लाख से अधिक युवाओं का भविष्य खराब हुआ हैं। कांग्रेस के एक पूर्व राज्य मंत्री सहित आरपीएससी के सदस्य भी इस मामले में पकड़े गए हैं। ऐसे में ईडी की कार्रवाई हो रही है और कांग्रेस के नेता गलत नहीं हैं तो क्यों डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अगर सरकार एसीबी को कमजोर नहीं करती और भ्रष्टाचार करने वाले नेताओं को संरक्षण नहीं देती तो कार्रवाई की जरूरत ही नहीं थी।

### मॉरीशस से जुड़े वैभव गहलोत के तार: गजेन्द्र सिंह शेखावत



केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि ईडी पर आरोप लगाना उसकी साख को गिराने का षड्यंत्र है। ईडी ने विगत 9 साल में जितनी कार्रवाई की उसमें से मात्र तीन प्रतिशत राजनीतिक लोगों पर कार्रवाई हुई है। गुरुवार को की गई कार्रवाई पेपर लीक प्रकरण में राजनीतिक भ्रष्टाचार को रोकने के प्रयासों का परिणाम है। यदि डोटासरा के तार पेपर लीक से जुड़े हुए मिलते हैं तो इस कार्रवाई से पेपर लीक पीड़ितों को न्याय मिलेगा। सीएम गहलोत पहले कहते हैं कि आर्थिक अनियमिता की जांच होनी चाहिए। फिर जब एजेंसी कार्रवाई करती हैं तो वे तिलमिला जाते हैं। शेखावत ने कहा कि ईडी ने मुख्यमंत्री के बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है। यह स्पष्ट है कि उनके तार मॉरिशस से हवाला के जरिए धन का जाना और री-रूट होकर आने के मामलों से जुड़े हुए है।

### असली गुनहगार होंगे सलाखों के पीछे: भारद्वाज

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि ईडी ने अभी तक प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत ठेकेदार परमचंद जैन सहित अधिकारियों के यहां छापे मारे हैं और इनके यहां से 16 किलो 800 ग्राम सोना और 5 करोड़ से ज्यादा नकदी बरामद की। इसी क्रम में आज श्याम ट्यूबवेल फर्म के फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र के आधार पर बहरोड़ और शाहपुरा के सभी टेंडर निरस्त किए गए हैं। केंद्र ने हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए 37 हजार करोड़ का बजट दिया था, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस नेताओं की सरपरस्ती में इस कदर लूट का तांडव मचा कि बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार देखने को मिला।

## 366 मतदान केन्द्रों का अनुमोदन

# प्रदेश में अब 52,122 बूथों पर होगा मतदान

**बेधड़क | जयपुर**

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 366 सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना को मंजूरी दी है। ये सहायक मतदान केन्द्र राज्य के 32 जिलों के 125 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उन मतदान केन्द्रों पर बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या 1450 से अधिक हैं।

ये मतदान केन्द्र मूल मतदान केन्द्र के साथ उसी भवन में स्थापित किए जाएंगे। राज्य में वर्तमान में 51,756 मूल मतदान केन्द्र आयोग द्वारा अनुमोदित हैं, अब 366 सहायक मतदान केन्द्रों के अनुमोदन के बाद इनकी संख्या 52,122 हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं की संख्या का विभाजन दोनों केंद्रों पर इस प्रकार किया गया है, जिससे लोगों को अधिक समय तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुरूप सुगम, सहज, सुरक्षित मतदान के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं और सुविधाएं की जाएंगी। गुप्ता ने कहा कि मतदान केंद्रों पर टॉयलेट्स, पेयजल, बिजली, वॉलन्टियर्स, व्हीलचेयर, रैम्प सहित सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता रहेगी।

### प्रस्ताव के अनुसार जयपुर में बनेंगे सबसे ज्यादा केंद्र

प्रस्ताव के अनुसार सबसे ज्यादा 92 सहायक मतदान केन्द्र जयपुर जिले में स्थापित किए जाएंगे। इनमें स्थानाभाव के कारण 7 मतदान केन्द्रों के भवन उसी परिक्षेत्र में परिवर्तित किए गए हैं। अन्य जिलों में जोधपुर में 45, कोटा और सवाई माधोपुर में 16-16, अलवर में 15, बीकानेर में 13, अजमेर, जालौर, चूरू में 12-12, भरतपुर, पाली, नागौर, हनुमानगढ़, टोंक में 11-11, सीकर में 9, झुंझुनूं, भीलवाड़ा में 7-7, उदयपुर, श्रीगंगानगर, झालावाड़ में 5-5, बाड़मेर, करौली, सिरोही में 4, बांसवाड़ा, बूंदी, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर में 3-3, दौसा और जैसलमेर जिलों में 2-2, तथा बारां में 1 सहायक मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। विधानसभानुसार देखा जाए तो सांगानेर में सर्वाधिक 26, झोटवाड़ा में 14, सरदारपुरा में 13 और हवामहल में 11 सहायक मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

# ग्रामीण मरीजों को मिलेगी अत्याधुनिक चिकित्सा

**बेधड़क | जयपुर**



ग्राम भांवता में आरएमवी माहेश्वरी महात्मा गांधी अस्पताल का बुधवार को लोकापर्ण हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अस्पताल के एमेरिटस चेयरपर्सन प्रो. डॉ. एम. एल. स्वर्णकार ने कहा इस अस्पताल में किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं अभाव नहीं रहेगा। अब ग्राम भांवता उत्कृष्ट तथा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा के लिए जाना जाएगा।

यहां आने वाले रोगियों को बडे महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बनवारी लाल माहेश्वरी ने महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर को इस योग्य समझा कि हमे जन सेवा का दायित्व सौपा हैं। अब जिम्मेदारी हमारी है हम ग्रामीणों का बेहतर उपचार करें।

ग्रामीण मरीजों की सेवा को हम प्रतिबद्ध रहेंगे। स्वर्णकार ने कहा कि अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी के चिकित्सकों की टेली मेडिसिन की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी तथा प्रति सप्ताह सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ देंगे।

## निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं पर रहेगी पैनी नजर

# चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने 243 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**बेधड़क | जयपुर**

भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य में 243 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को सामान्य पर्यवेक्षक (जनरल ऑब्जर्वर) और पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 122 अधिकारियों को और भारतीय पुलिस सेवा के 51 अधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक 5 नवम्बर से 25 नवम्बर तक संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक आचार संहिता की पालना, ईवीएम रेंडमाइजेशन, नामांकन की छंटनी से लेकर निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं पर निगरानी रखेंगे। पुलिस पर्यवेक्षक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती योजना, कानून व्यवस्था आदि से जुड़े मामलों पर निगरानी ऱखेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले, बुधवार को 70 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति निर्वाचन आयोग द्वारा की गई थी। सभी व्यय पर्यवेक्षक अधिसूचना जारी होने के दिन यानी 30 अक्टूबर से तीन दिन के लिए क्षेत्र में रहेंगे।

दूसरी बार, वे नामांकन करने की अंतिम तारीख से एक दिन पूर्व अर्थात 5 नवम्बर से 25 नवम्बर तक क्षेत्र में दौरे पर रहेंगे।

## आयकर अधिकारियों ने खोले 10 और लॉकर्स, 22 लाख जब्त

# निजी लॉकरों ने फिर उगला 'खजाना'

■ अब तक लॉकरों से जब्त हुई 5.38 करोड़ की नकदी

**बेधड़क | जयपुर**

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 13 दिन पूर्व शुक्रवार 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। गुरुवार को आयकर अधिकारियों ने 10 लॉकर्स को खोला और इनमें से एक लॉकर से करीब 22 लाख रुपए की नकदी मिली। इस नकदी को लेकर जब लॉकर धारक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो इसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकर धारकों को छोड़ दिया।

विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 5.38 करोड़ से अधिक नकदी व 4133 ग्राम सोना व आभूषण जब्त कर चुके हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई यहां फिलहाल जारी है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध समझे जाने वाले लॉकर धारकों में अब भी कई ऐसे लोग हैं, जो आयकर नोटिसों की अनदेखी कर रहे हैं, लेकिन इस अनदेखी के कारण विभाग का शक और गहरा रहा है। उधर, कुछ कथित संदिग्ध लॉकर धारकों के विभाग से लॉकर खोलने और इसकी जांच कराने की निर्धारित समय सीमा को और बढ़ाने के आग्रह पर अब सख्त रुख अपना रहे हैं।

इनका कहना है कि जिन लॉकर धारकों की उचित मांग है, उनका समय बढ़ाया जा रहा है, लेकिन यह अधिकतम एक बार ही होगा। इसके बाद विभाग ऐसे संदिग्ध लॉकर्स को फ्रीज कर देगा और ये लॉकर सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के इन लॉकर्स को खोल नहीं सकेंगे। उधर, विभागीय अधिकारियों ने कुछ और संदिग्ध लॉकर धारकों को चिन्हित कर उन्हें भी लॉकर खोलने व इन्हें जांच में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि लॉकर्स से लगातार निकल रही नकदी और सोने के कारण विभाग का शक और गहरा रहा है। संभव है विभाग अब तक नहीं खोले गए सभी लॉकर धारकों को जांच कराने के संबंध में नोटिस जारी करें।

## भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं: जोशी

# प्रदेश में एक करोड़ लोगों के सुझावों से बनेगा भाजपा का संकल्प पत्र

■ आमजन का केंद्र सरकार की नीतियों में गहरा विश्वास

**बेधड़क | जयपुर**

आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के जरिये प्रदेश के करीब एक करोड़ 23 लाख लोगों के एक करोड़ तीन लाख सुझाव प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में आमजन के भीतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को लेकर गहरा विश्वास भी देखने को मिला, इसलिए हम कहते हैं कि सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, इसलिए हम मोदी जी को चुनते हैं। केंद्र सरकार के सानिध्य में प्रदेश में रेल, जल जीवन मिशन, ग्रामीण विकास, सड़क, एयरपोर्ट, और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भाजपा प्रदेश कार्यालय में आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता बोल रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से प्राप्त सुझावों वाली आकांक्षा पेटियों को भाजपा प्रदेश कार्यालय में लाया गया है, इन सभी सुझावों के आधार पर ही भाजपा का संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया, सह-संयोजक ओंकार सिंह लखावत, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का सिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल और प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा मौजूद रहे।




### हाईटेक मीडिया सेंटर की शुरुआत

विधानसभा चुनावों के लिए बीकानेर के हाईटेक संभागीय मीडिया सेंटर का गुरुवार को प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अपूर्वा सिंह चौहान ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने कहा कि मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता कक्ष और मीडिया बाइट के लिए अलग से चैंबर भी बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों और नेताओं के साथ वन टू वन एंव प्रेसवार्ता सें संबंधित विषयात्मक चर्चा के लिए अलग से चैंबर बनाए गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता अपूर्वा सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दौसा रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी की है। प्रियंका कांग्रेस की बड़ी नेता होने के बावजूद जनता के सामने मंच से झूठ बोलती हैं, यह कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति है। भाजपा ने अपनी अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, लेकिन कांग्रेस खेमें में अभी भी असमंजस का माहौल है।

### जेपी नड्डा ने किया था शुभारंभ

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि पिछले चार अक्टूबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में 51 रथ भेजे गए थे, जिनमें 8000 आकांक्षा पेटियां सुझाव के लिए रखी गई थी। वहीं प्रदेश में 5650 चौपालें आयोजित की गईं और 2300 सम्मेलन भी आयोजित हुए। इन कार्यक्रमों में किसान, मजदूर, व्यापारी वर्ग सहित सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को विश्वास है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। मोदी जो वादा करते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं।

### सर्वांगीण विकास के लिए होगा मेनिफेस्टो: मेघवाल

संकल्प पत्र समिति के संयोजक और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जनसहभागिता के तहत हमने जो आउटरीच कार्यक्रम आपणो राजस्थान सुझाव आपका, संकल्प हमारा शुरू किया था। इस कार्यक्रम के दौरान एग्रीकल्चर क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, शिक्षा और हेल्थ सेक्टर सहित सभी से सुझाव लिए गए। जिसमें हमें ई-मेल से लगभग छह लाख व कॉल और सुझाव पेटिकाओं के माध्यम से भी सुझाव प्राप्त हुए। इन्ही सुझावों के आधार पर प्रदेश का सर्वांगीण विकास वाला संकल्प पत्र तैयार होगा।

## जरूरी खबर

### ईकोलोजिकल जोन में दो अवैध दुकानें की ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को जोन-10ए ईकोलोजिकल जोन कुंडा नटाटा रोड पर निर्माणाधीन दो अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10ए के ईकोलोजिकल जोन में कुंडा नटाटा रोड़ पर ही रोड सीमा में निर्माणाधीन दो अवैध दुकानों का निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था, जिससे स्थानीय लोगों को आने जाने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था, इस पर जोन- 10ए के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

### प्रदेश में आज हो सकती है बारिश बढ़ाएगी सर्दी

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को बारिश हो सकती है। पाकिस्तान की तरफ से एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इस सिस्टम के असर से सीमा से सटे इलाके बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ, चुरू आदि जिलों में बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम केंद्र जयपुर के राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में शुक्रवार और शनिवार को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में देखने को मिल सकता है। इन जिलों में कहीं-कहीं बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं पूर्वोत्तर हवाएं चलने से पूर्वी प्रदेश में सर्दी में बढ़ोतरी होगी। बाड़मेर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। जोधपुर, जयपुर, श्रीगंगानगर और चूरू में भी तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इधर, शेखावाटी के सीकर जिले में पारा कल रात 13, पिलानी में 15.7 और भीलवाड़ा में 14.8 डिग्री दर्ज हुआ।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थलों का निरीक्षण**

# मतदाता सूची में नाम नहीं है तो जुड़वा लें, आज आखिरी मौका

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय तैयारियों में जुटा हुआ है।

चार अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है, लेकिन फिर भी मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रहे पात्र मतदाता शुक्रवार तक मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित पात्र मतदाता शुक्रवार तक वोटर हेल्पलाइन एप और भारतीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म 6 के तहत अपने आवेदन कर सकते हैं। शुक्रवार के बाद नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रवासी भारतीय फॉर्म-6 (ए) के तहत आवेदन कर मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं। मतदाता आयोग की वेबसाइट से ई-ईपिक डाउनलोड कर सकते हैं।



कॉमर्स कॉलेज में चौमूं, फुलेरा, चाकसू, किशनपोल, विद्याधर नगर, आमेर, विराटनगर, जमवारामगढ़, बस्सी और शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। राजस्थान कॉलेज में झोटवाड़ा, बगरू, दूदू, सांगानेर, आदर्श नगर, सिविल लाइंस, मालवीय नगर, हवामहल एवं कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम और मतदान सामग्री रखी जाएंगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अति. जिला कलक्टर (तृ.) अशोक शर्मा, अति. जिला कलक्टर (दक्षिण) अबू सूफियान अन्य प्रभारी अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुरक्षा और मतदान संबंधी इंतजामों को लेकर निर्देश

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने मतदान दल रवानगी स्थल, संग्रहण स्थल और मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान, जामिया तुल हिदाया मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा और मतदान संबधित इंतजामों को लेकर प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने व्यवस्थाओं, इंतजामों एवं तैयारियों का जायजा लिया। मतदान दलों के रवानगी स्थलों का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारियों से प्रवेश और प्रस्थान मार्गों को लेकर चर्चा की।

### दो पारियों में रवाना होंगे 4681 मतदान दल

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भवानी निकेतन परिसर से प्रथम पारी में सुबह 7 बजे प्रशिक्षण लेने के बाद चौमूं, फुलेरा, आमेर, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। वहीं, द्वितीय पारी में विद्याधर नगर, किशनपोल, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सुबह 11 बजे से रवाना किया जाएगा। साथ ही जामिया तुल हिदाया यूनिवर्सिटी से प्रथम पारी में कोटपूतली, विराटनगर एवं शाहपुरा और द्वितीय पारी में जमवारामगढ़, बस्सी और हवामहल विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को रवाना किया जाएगा।

**आयकर विभाग की कार्रवाई में जयपुर जिला अव्वल**

# राज्य में 25 करोड़ की नकदी जब्त इनमें 7.66 करोड़ जयपुर जिले के

## 7.94 करोड़ का सोना, 4 करोड़ 29 लाख 84 हजार 681 की चांदी भी पकड़ी

विमल कोठारी | बेधड़क

**जयपुर।** राज्य में विधानसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य भर में की गई कार्रवाइयों में करीब 25 करोड़ की नकदी जब्त की गई है। राज्य में यह जब्ती आयकर विभाग की टीमों ने अन्य एजेंसियों के सहयोग से जब्त की है। नकदी के अलावा राज्य में मंगलवार देर रात तक सात करोड़ 94 लाख रुपए मूल्य का सोना, 4 करोड़ 29 लाख 84 हजार 681 रुपए की चांदी आदि मूल्यवान धातुओं की जब्ती भी की गई है।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक करोड़ों रुपए की नकदी के अलावा मूल्यवान धातुओं के साथ अवैध रूप से लाई गई मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्री के साथ नशीली दवाएं, शराब आदि भी जब्त किए गए हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अवैध रूप से परिवहनित सामान पर विभिन्न एजेंसियों ने तालमेल कर इन कार्रवाइयों को अंजाम दिया है।




### शून्य जब्ती के साथ चित्तौड़गढ़ जिला सबसे नीचे

खास बात यह है कि राज्य में नकदी जब्त करने के मामले में जयपुर जिला 7 करोड़ 66 लाख 39 हजार 505 रुपए की जब्ती कर सबसे आगे है। इसके बाद राजस्थान में उदयपुर जिले को नकदी जब्ती में दूसरा स्थान मिला है। उदयपुर में आयकर अधिकारियों ने अन्य एजेंसियों के सहयोग से 5 करोड़ 93 लाख 90 हजार 400 रुपए जब्त किए हैं। इसके बाद सीकर जिले का स्थान है, जहां 5 करोड़ 52 लाख 75 हजार रुपए जब्त किए जाने के आंकड़े हैं। राज्य में सबसे कम नकदी जब्ती के आंकड़ों का अध्ययन किया जाए तो इसमें चित्तौड़गढ़ जिला है। चित्तौड़गढ़ जिला शून्य नकदी के साथ राज्य में सबसे निचले पायदान पर है। इसके बाद महज 13 लाख 42 हजार 200 रुपए की जब्त नकदी के साथ अलवर जिला दूसरे स्थान पर है, जबकि प्रदेश में जोधपुर को निचले पायदान में तीसरा स्थान मिला है। जोधपुर जिले में महज 17 लाख 20 हजार रुपए की नकदी ही जब्त हो सकी है। इसके बाद नीचे से चौथे स्थान पर चूरू जिले का स्थान है, जहां जब्त की गई राशि 19 लाख 98 हजार 500 रुपए बताई जा रही है।

### पिछले विधानसभा चुनाव के वक्त का रिकॉर्ड टूटा

सूत्र बताते हैं कि जब्त कुल राशि और मूल्यवान धातुओं की राशि के अनुसार अब तक जो माल व नकदी जब्त हुई है, वह पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में बने रिकॉर्ड से आगे निकल चुकी है। चूंकि, अभी राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों ने सभी 200 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी नहीं की और जिन सीटों पर अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणाएं हुई हैं, उनमें से अनेक स्थानों पर आधिकारिक रूप से घोषित उम्मीदवारों का काफी विरोध भी हो रहा है, ऐसे में संभावनाएं यह भी हैं कि पार्टी का टिकट पाने की उम्मीद लगाए जाने वाले उम्मीदवार बागी बन कर चुनाव मैदान में ताल ठोकेंगे। इनके लिए मतदाताओं को अपनी ओर लुभाना आवश्यक होगा और इसके लिए अवैधानिक रूप से वितरीत की जाने वाली सामग्री की भरपूर जरूरत पड़ेगी। चूंकि, 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं और अभी इसमें करीब एक माह का समय शेष है। अत: यह माना जा रहा है कि जब्त की गई राशि और सामग्री में आने वाले दिनों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी होगी।

**गणपति प्लाजा में आयकर सर्वे जारी**

# निजी लॉकरों ने फिर उगली नकदी, 22 लाख और जब्त



बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 13 दिन पूर्व शुक्रवार 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। गुरुवार को आयकर अधिकारियों ने 10 लॉकर्स को खोला और इनमें से एक लॉकर से करीब 22 लाख रुपए की नकदी मिली। इस नकदी को लेकर जब लॉकर धारक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो इसे जब्त कर लिया गया।

इसके अलावा अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकर धारकों को छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 5.38 करोड़ से अधिक नकदी व 4133 ग्राम सोना व आभूषण जब्त कर चुके हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई यहां फिलहाल जारी है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध समझे जाने वाले लॉकर धारकों में अब भी कई ऐसे लॉकर धारक हैं, जो आयकर नोटिसों की अनदेखी कर रहे हैं। इस अनदेखी के कारण विभाग का शक और गहरा रहा है।

उधर, कुछ कथित संदिग्ध लॉकर धारकों के विभाग से लॉकर खोलने और इसकी जांच कराने की निर्धारित समय सीमा को और बढ़ाने के आग्रह पर अब सख्त रुख अपना रहे हैं। इनका कहना है कि जिन लॉकर धारकों की उचित मांग है उनका समय बढ़ाया जा रहा है, लेकिन यह अधिकतम एक बार ही होगा। इसके बाद विभाग ऐसे संदिग्ध लॉकर्स को फ्रीज कर देगा और ये लॉकर सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के खोल नहीं सकेंगे। उधर, विभागीय अधिकारियों ने कुछ और संदिग्ध लॉकर धारकों को चिन्हित कर उन्हें भी लॉकर खोलने व इन्हें जांच में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**यातायात व्यवस्था में बदलाव**

# जयपुर जंक्शन पर जीआरपी थाने के पास से निकलना होगा बाहर

बेधड़क | जयपुर

रेलवे प्रशासन ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर यातायात सुविधा में बदलाव किया है। इसके तहत अब मुख्य प्रवेश द्वार से टोंक रोड, सिविल लाइन, सी-स्कीम एवं मानसरोवर की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए एकल निकास द्वार चालू कर दिया है। अब वाहनों को बाहर निकलने के लिए मैन प्रवेश द्वार से गांधी सर्किल के पास से बाएं मुड़ना होगा, फिर यूनियन



ऑफिस के सामने से मेट्रो स्टेशन के नीचे से सीधे होते हुए जीआरपी थाने के आगे से बाहर निकलना होगा। इससे जाम की स्थिति से राहत मिलेगी। साथ ही टोंक रोड की तरफ जाने वाले यात्रियों के वाहनों को राम मंदिर रोड साइड का लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 19713/19714, जयपुर-सिकंदराबाद-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा का गत 21 अगस्त से नरखेड़ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया गया था, इसे बढ़ा दिया गया है।

**पिता ने जमीन का फर्जी इकरारनामे से की 1 करोड़ रुपए की ठगी**

# 1 करोड़ एडवांस लिया, लोन होते ही इनकार

बेधड़क | जयपुर

अशोक नगर इलाके में एक पिता द्वारा अपने बेटे की बेशकीमती करोड़ों रुपए की जमीन की फर्जी पावर ऑफ एटॉर्नी बनाकर उसका विक्रय इकरारनामा कर 1 करोड़ रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है।

मामले में पावर ऑफ एटॉर्नी के आधार पर परिवादी सांगानेर रामपुरा रोड निवासी ताज मोहम्मद ने अशोक नगर थाने में आरोपी प्रागेश्वर तिवाड़ी व उनकी पत्नी शशि प्रभा तिवाड़ी और बेटे अनिल तिवाड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

परिवादी का आरोप है कि जनवरी 2023 में उसके पास प्रागेश्वर तिवाड़ी और उनकी पत्नी शशि प्रभा तिवाड़ी उनके बेटे के नाम से सरोजनी मार्ग पर स्थित 1227 वर्ग जमीन पैसों की आवश्यकता बताकर बेचने आए थे। आरोपियों ने तब परिवादी को झांसा दिया कि जमीन उनके बेटे अनिल तिवाड़ी के नाम से है और उन्होंने बेटे अनिल से पावर ऑफ एटॉर्नी ले रखी है। परिवादी आरोपियों के झांसे में आ गया और एक करोड़ रुपए की राशि चेक के जरिए एडवांस के तौर पर दे दी। मार्च माह में आरोपियों ने विक्रय इकरारनामा कर लिया।

शर्तों के अनुसार जमीन का सौदा 14 करोड़ रुपए में तय हुआ था। बाकी की 13 करोड़ रुपए की राशि रजिस्ट्री के दौरान देनी थी। जब रजिस्ट्री का समय आया तो आरोपी टालम-टोल करने लगे। इस दौरान परिवादी ने बैंक से जमीन खरीदने के लिए लॉन ले लिया। अब आरोपियों ने जमीन बेचने से इनकार कर दिया। परिवादी का आरोप है कि उसके पास में प्रागेश्वर के बेटे अनिल ने अमेरिका से फोन किया और धमकाया कि उसके माता-पिता का जमीन पर कोई अधिकार नहीं है और वे जमीन को नहीं बेच सकते। जांच में सामने आया कि प्रागेश्वर ने पत्नी के साथ मिलकर पावर ऑफ एटॉर्नी बनाई और उसके आधार पर फर्जी इकरारनामा कर धोखाधड़ी कर दी।

**अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़**

# डॉक्टर पर्ची पर दवा के साथ ही दे रहे-अपना वोट जरूर देने की नसीहत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश सहित राजधानी जयपुर में इन दिनों मौसमी बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए है। बड़े अस्पतालों समेत डिस्पेंसिरयों में मौसमी बीमारियों के मरीज देखे जा सकते हैं। वहीं इन बीमारियों का सबसे ज्यादा डर नवजात व गर्भवती व बुजुर्ग मरीजों को है। क्योंकि अगर ये चपेट में आए तो इम्यूनिटी पावर कम होने से सही होने में ज्यादा समय लग सकता है। इधर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सामने भी इस समय तीहरी परीक्षा की घड़ी सामने आ गई है। एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप, दूसरी त्यौहारी सीजन और तीसरा चुनाव सीजन। इन सबसे से निपटने के लिए स्वास्थ्य



विभाग ने भी कमर कस ली है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी डॉक्टरों व नर्सिंगकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी है और हर समय अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दे रखे हैं। साथ ही अस्पतालों को बीमारियों के रोकथाम के लिए गाईडलाईन जारी की है।

**राजस्थान में अब तक मरीज**

| बीमारी | मरीज | मौत |
|---|---|---|
| डेंगू- | 9748 | 6 |
| मलेरिया- | 1927 | 0 |
| चिकनगुनिया- | 151 | 0 |

### चिकित्सकों ने बताए बचाव के उपाए

बदले मौसम के कारण बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सकों ने सुझाव दिए हैं। एसएमएस अस्पताल के मेडिसिन विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. पुनीत सक्सेना ने बताया कि एसी-कुलर का अभी प्रयोग करना बंद करें, गर्म पानी, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। जयपुर सीएमएचओ द्वितीय के डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुरेंद्र गोयल ने बताया कि फील्ड में तैनात स्टाफ को एंटी लार्वा गतिविधियां करने को निर्देशित किया गया है। इधर, झालाना यूपीएचसी की डॉ. अनिता परमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के साथ नवजात व बुजुर्गों को बचकर रहने की बहुत आवश्यकता है।

### आती सर्दी और प्रदूषण से नुकसान

चिकित्सकों के अनुसार आती हुई सर्दी और प्रदूषण से अस्थमा, सीओपीडी व हार्ट अटैक के मामले ज्यादा आने की आशंका है। इससे बचने के लिए हेल्दी डाइट व समय पर इलाज की जरूरत है। अन्यथा इन बीमारियों के लंबें चलने से मरीज की जीवनशैली प्रभावित होती है।

### त्योहारी सीजन में मिठाइयों की सैंपलिंग के लिए टीमें तैनात की

चिकित्सा विभाग इस सीजन में बीमारियों से निपटने के साथ-साथ मतदाता जागरूकता में सहभागिता निभा रहा है। सीएमएचओ द्वितीय डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि उनके अधीन के सभी अस्पतालों में दवा पर्ची पर मतदाता जागरूकता की मुहर लगवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीज व परिजन वोट के अिधकार का उपयोग कर सके। साथ ही त्योहारी सीजन में मिठाइयों की सैंपलिंग के लिए टीमें तैनात की है।

“ इस सीजन में मौसमी बीमारियों व वायरल के केसेज बढ़ते हैं। इसके लिए टीमों को फील्ड में भेजकर सैंपलिंग करने व अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मरीजों को रैफर करने के बजाय संबंधित अस्पताल में ही बेहतर इलाज करने को कहा गया है।

**डॉ. विजय सिंह फौजदार,**
सीएमएचओ, जयपुर प्रथम

“ मौसमी बीमारियों के साथ-साथ त्योहार व चुनावी पर्व सभी के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से होने वाले इंतजाम किए जा रहे हैं। डॉक्टर व नर्सेज की छुट्टी रद्द कर मुस्तैद रहने को निर्देशित किया है।

**डॉ. बीएल मीणा,**
सीएमएचओ, जयपुर द्वितीय

## जरूरी खबर

### गारमेंट शोरूम में आग से 20 लाख का माल खाक



**सिरोही।** जिले के माउंटआबू के आंबेडकर सर्किल स्थित एक रेडीमेट गारमेंट शोरूम में बुधवार देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से शोरूम में रखा 20 लाख रुपए से ज्यादा का सामान जलकर खाक हो गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार रात करीब 2.45 बजे नगर पालिका को आग लगने की सूचना मिली। इस पर आपदा प्रबंधन दल एवं फायर दल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए।

### हस्ताक्षर अभियान के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

**टोंक।** विधानसभा चुनाव-2023 के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने फ्लेक्स पर हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया और जिले में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रहे पात्र मतदाता शुक्रवार, 27 अक्टूबर तक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। मतदाता सेवा पोर्टल पर जाकर फॉर्म 6 के तहत अपने आवेदन कर सकते हैं। निर्वाचन अधिकारी बैरवा एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने गुरुवार को विभिन्न मतदान केंद्रों निरीक्षण किया। केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं एवं कानून व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया।

### डोडा-चूरा की तस्करी करते छात्र को किया गिरफ्तार



**उदयपुर।** थाना बेकरिया पुलिस ने गुरुवार रात गश्त के दौरान चोरी की बाइक पर डोडा-पोस्त की तस्करी करते मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में लॉ फाइनल ईयर के छात्र राकेश बिश्नोई (26) निवासी दीगाव करड़ा जिला जालौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास मिले बैग से 30 किलो डोडा चूरा बरामद किया। एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि गश्त के दौरान संदेह के आधार पर एक बाइक सवार युवक रोका गया। बैग की तलाशी में 30 किलो अफीम डोडा चुरा मिला।

---

इंटरस्टेट बैठक में अपराधियों को पकड़ने को लेकर चर्चा, नशीली दवाओं और शराब तस्करी पर लगेगी रोक

# पंजाब-राजस्थान पुलिस मिलकर कसेगी अपराधों पर नकेल

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

विधानसभा चुनावों को देखते हुए पंजाब और राजस्थान पुलिस मिलकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। वहीं दोनों राज्यों की पुलिस आपसी समन्वय से अपराधियों पर नकेल कसेगी। बीकानेर रेंज आईजी की अध्यक्षता में रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों ने अबोहर स्थित होटल में पंजाब आईजी लॉ एडं ऑर्डर प्रदीप यादव के साथ अंतरराज्यीय समन्वय बैठक में भाग लिया।

बैठक में पंजाब के फरीदकोट रेंज के आईजी प्रदीप यादव की अध्यक्षता में आबकारी के जॉइंट



डायरेक्टर राजपाल खेड़ा और कर विभाग पंजाब के अधिकारी मौजूद रहे। दोनों राज्यों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय कर दोनों प्रदेशों में अपराध के खिलाफ कार्रवाई करने पर चर्चा की। राजस्थान में विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने वाले सभी प्रकार के अपराधों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। आईजी बीकानेर रेंज ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि पंजाब के पुलिस अधिकारियों से पीओएस, फरार अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी और मजबूत समन्वय तंत्र विकसित करने पर चर्चा हुई।

आईजी ने बताया कि दोनों राज्यों में छिपे अपराधियों की धरपकड़ के लिए मिलकर एक अभियान चलाने पर भी हमारी ओर से पैरवी की गई है। जिस पर सकारात्मक परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे।

### खूंखार अपराधियों की धरपकड़ पर चर्चा

दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच हुई आपसी समन्वय बैठक में पंजाब और राजस्थान में बढ़ रहे अपराध पर भी चर्चा की गई। आईजी बीकानेर ने बताया कि दोनों राज्यों में छिपे हार्डकोर और खूंखार अपराधियों की धरपकड़ के लिए सामूहिक अभियान चलाने पर अहम चर्चा हुई। किसी भी राज्य में दूसरे राज्य के हार्डकोर अपराधी के छिपे होने की सूचना होने पर आपसी समन्वय स्थापित कर अपराधियों को पकड़कर देने पर भी चर्चा हुई। बीकानेर रेंज में हार्डकोर अपराधियों पर अब विधानसभा चुनाव को देखते हुए निगरानी रखी जा रही है। दोनों राज्यों में अपराधियों और अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए राजस्थान से आईजी बीकानेर रेंज को स्टेट की ओर से नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं पंजाब से आईजी लॉ एडं ऑर्डर प्रदीप यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों ही राज्यों में जब भी दूसरे राज्य की पुलिस कोई छापेमारी की कार्रवाई करेगी तो नोडल अधिकारी को सूचना देने पर उनको स्थानीय पुलिस सहयोग करके छापेमारी में सहयोग करेगी।

### बैठक के आए अच्छे परिणाम

आईजी बीकानेर पासवान ने बताया कि पिछले काफी समय से दोनों राज्यों के बीच हुई समन्वय बैठक के अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं। बीकानेर रेंज के 30 से अधिक फरार अपराधियों को पंजाब पुलिस के समवन्य से सलाखों को पीछे पहुंचाया है। वहीं पंजाब पुलिस को भी हमने राजस्थान में छिपे अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव मदद भरोसा जताया है।

### चौटाला बॉर्डर का निरीक्षण

पंजाब में अंतरराज्यीय बैठक पूरी कर वापस लौटते समय आईजी ओम प्रकाश पासवान ने चौटाला बॉर्डर नाके का निरीक्षण किया। खुद आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर निरीक्षण किया। नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन को भी आईजी बीकानेर ने चेक किया। नगराना नाके पर भी आईजी ने रुककर पुलिसकर्मियों से नाकाबंदी के बारे में चर्चा की। इस दौरान आईजी बीकानेर ने पुलिसकर्मियों से हाथ मिलाकर उनकी हौसला अफजाई भी की। आईजी ने पुलिसकर्मियों को सजगता से कार्य करने की हिदायत भी दी।

---

पीसीसी चीफ के निवास पर जुटे कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता

# डोटासरा और हुडला पर ईडी की कार्रवाई से समर्थकों में आक्रोश

■ आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत को भी भेजा नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई। ईडी ने पेपरलीक मामले में गुरुवार सुबह कांग्रेस सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री और वर्तमान पीसीसी चीफ अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से जुड़े ठिकानों पर और विधायक ओम प्रकाश हुडला से जुड़े परिसरों व कार्यालयों तथा उनसे जुड़े लोगों पर भी छापेमारी की गई। ईडी की यह छापेमारी जयपुर, दौसा और सीकर में देर रात तक जारी रही।

वहीं ईडी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे और आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेटरी एक्ट (फेमा) के उल्लंघन के मामले में समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया।

वैभव गहलोत ने पेश होने का और समय मांगा हैं। मामले का लेकर वैभव ने सफाई दी है कि आज से 12-13 साल पहले भी यही आरोप लगाए गए थे। उनका उसी समय जवाब दे दिया था। अब 12-13 साल बाद फिर उन्हीं बातों को लेकर नोटिस आया है।





### पीसीसी चीफ डोटासरा के सरकारी और निजी आवास पर छापे

ईडी की टीम जयपुर में डोटासरा के सरकारी आवास पर पहुंची। जयपुर के सिविल लाइंस में सरकारी आवास सहित सीकर स्थित निजी निवास पर भी पहुंची। रात को कार्रवाई खत्म होने के बाद गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि उनसे पेपर लीक मामले में ईडी ने कोई पूछताछ नहीं की। वहीं टीम घर में बने ऑफिस लेकर गई। डोटासरा के बेटे और बहू भी घर में मौजूद रहे। डोटासरा के निवास के बगल में उनकी भांजी का घर है। वह सरकारी टीचर है। ईडी के अधिकारियों ने उनके घर भी रेड मारी और पूछताछ की। दिल्ली और जयपुर की ईडी की टीम के साथ में केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश के आधा दर्जन ठिकानों पर कार्रवाई

**बेधड़क** | दौसा

दौसा जिले के महवा विधानसभा से निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुडला के आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। विधायक के महवा निवास रामकुटी, होटल हुडला पार्क, पेट्रोल पंप, जयपुर निवास सहित कई जगहों पर यह छापामारी हुई। जानकारों की माने तो विधायक हुडला के निजी सहायक के यहां भी सर्च हुआ। महवा से निर्दलीय विधायक ओम प्रकाश हुडला फिलहाल कांग्रेस प्रत्शायी हैं।

ईडी की टीमें दौसा, जयपुर सहित कई जगहों पर हुडला के ठिकानों पर पहुंची। यहां तीन गाड़ियों से ईडी की टीम मंडावर रोड स्थित विधायक हुडला के आवास रामकुटी पर छापेमारी की कार्रवाई चालू की। विधायक ने निवास पर ही ऑफिस बनाया हुआ है। यहां ईडी ने दस्तावेज खंगाले। महवा में ही भरतपुर रोड पर महवा विधायक के होटल हुडला पार्क पर भी ईडी की टीम पहुंची। यहां विधायक भी होटल में मौजूद बताए जा रहे थे। बताया गया कि विधायक ओमप्रकाश हुडला के भाई हरिओम मीणा का पेपर लीक मामले में नाम सामने आने के बाद से ही हुडला पर ईडी की नजर थी।

### बाइक पर बैठकर भागे, फोटो वायरल

वहीं कार्रवाई के बाद हुड़ला का एक फोटो भी वायरल हुआ। इसको लेकर दावा किया कि अपना चार पहियां वाहन छोड़ कर विधायक हुड़ला ईडी के डर से मुंह छिपाकर बाइक पर बैठकर भागते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि यह विडियो व फोटो किसके हैं इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

---

होर्डिंग लगाते समय हादसा

## करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र सहित तीन की मौत



**बेधड़क** | चूरू

जिले के रतनगढ़ में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बारे में सुनने वाला हर कोई अचंभित रह गया। बता दें कि बीते तीन दिनों में करंट से मौत की रतनगढ़ में यह दूसरी घटना है, जबकि दोनों ही घटनाओं में होर्डिंग लगाते समय मौत हुई। घटना के अनुसार रतनगढ़ में चूरू रोड पर परमाणाताल के पास वेल्डिंग का काम करने वाला कालूराम लुहार नेशनल हाईवे 11 पर एक होर्डिंग लगा रहा था।

50 वर्षीय कालूराम के साथ उसका 21 वर्षीय बेटा अनिल एवं दुकान पर काम करने वाला सिमसिया निवासी 25 वर्षीय सुरेश मेघवाल भी साथ था। नेशनल हाईवे पर पिलर रोपकर क्रेन की सहायता से जब होर्डिंग को ऊंचा किया तो ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से होर्डिंग टच हो गया। इसके चलते पिता-पुत्र सहित दुकान पर काम करने वाला सुरेश भी करंट की चपेट में आ गया।

सूचना पर डीवाईएसपी सतपालसिंह, सीआई सुभाष बिजारणियां मौके पर पहुंचे तथा तीनों को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पुसाराम गोदारा, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान, प्रहलाददान चारण, युवा कांग्रेस नेता रामवीरसिंह राईका सहित कई जनप्रतिनिधि जिला अस्पताल पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली।

---

आचार संहिता के चलते इस बार एक दिन का ही होगा आयोजन

# जोधपुर के प्रसिद्ध मारवाड़ फेस्टिवल में आज साकार होंगे संस्कृति के रंग

**बेधड़क** | जोधपुर

देश-दुनिया में प्रसिद्ध जोधपुर का दो दिवसीय मारवाड़ उत्सव शुक्रवार को आयोजित होगा। इस बार आचार संहिता के चलते यह आयोजन एक ही दिन का होगा। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से यह आयोजित उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा बैंड वादन, कैमल टैटू शो आदि का आयोजन होगा।

वहीं पतंग शो और हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उत्सव के कार्यक्रम सुबह 8 से दोपहर 12



बजे तक उम्मेद राजकीय स्टेडियम और सुबह 10 से रात 9 बजे तक अशोक उद्यान में आयोजित होगा। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सरिता फिड़ौदा ने मारवाड़ उत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 8 बजे से 12 बजे तक उम्मेद स्टेडियम में लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे। लोक संस्कृति की झांकी, कैमल टैटू शो, बीएसएफ की ओर से थार वारियर शो आयोजित होगा। वहीं यशस्वी बैंड भी आकर्षक प्रस्तुतियां देगा। काइट फ्लांइग और डिस्प्ले के साथ कई कॉम्पिटिशन भी आयोजित होंगे।

सम्राट अशोक उद्यान में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पतंगबाज़ी एवं पतंग प्रदर्शनी के साथ हैंडीक्राफ्ट आइटम की प्रदर्शनी भी लगेगी। रात्रि 7 से 9 बजे तक सम्राट अशोक उद्यान के एंफीथिएटर में सांस्कृतिक संध्या होगी।

---

अहमदाबाद से खाटूश्यामजी आया था परिवार

## नेशनल हाईवे पर कार मवेशी से टकराई, बालक सहित दो की मौत

**बेधड़क** | पाली

शहर के निकट ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के 4 बजे सड़क दुर्घटना में एक बालक सहित दो जनों की मौत हो गई, जबकि मृतक बच्चे के माता पिता घायल हो गए। पाली के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा सामने आया है।

यहां तड़के करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर खेतावास के निकट खाटूश्यामजी से दर्शन कर कार से अहमदाबाद जा रहा एक परिवार मवेशी की चपेट में आ गया। इस हादसे में कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंची। मगर उससे पहले 3 वर्षीय सारांश पुत्र पंकज कुमार और 32 वर्षीय महेश पुत्र अशोक की मौत चुकी थी।



जबकि 35 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र प्रकाश और उनकी पत्नी जीविका घायल हो गई। जिसके बाद एंबुलेंस ने चारों को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया।

### खाटू से लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार अहमदाबाद से खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए यह परिवार तीन दिन पूर्व आया था। यहां पर दर्शन करके वापस अहमदाबाद जाते समय पाली-जयपुर नेशनल हाईवे पर खेतावास के निकट कार के सामने भैंस के टकराने से हादसा हो गया।

---

अधिकारियों ने दिया था कार को रोकने का निर्देश

# स्कॉर्पियो को रोकने के प्रयास पर होम गार्ड को उड़ाया

■ मानपुर चौराहे पर नाकाबंदी में तैनात था होमगार्ड जवान

**बेधड़क** | दौसा

चेक पोस्ट पर तैनात होमगार्ड को अधिकारियों ने एक काले रंग की स्कार्पियों को रोकने का निर्देश दिया। इस पर होम गार्ड जवान सर्तक हो गया और स्कार्पियों को रोकने के लिए लोहे की टेबल उसके सामने सरका दी। स्कॉर्पियो टेबल और संतोष को उड़ाते हुए चेक पोस्ट से निकल गई।

इलाज के दौरान होम गार्ड ने दम तोड़ दिया। घटना दौसा जिले के मानपुर थाना इलाके के सिकराय कस्बे की है। बुधवार रात 1.50



बजे मानपुर चौराहे पर नाकाबंदी पर तैनात होमगार्ड संतोष मुद्गल (45) को हरियाणा नंबर की स्कॉर्पियो टक्कर मार गई।

संतोष को पहले दौसा जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर के निजी हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर आई उमेश दत्ता ने बताया कि बुधवार रात करीब 1 बजे मानपुर गश्ती टीम को काले रंग की स्कॉर्पियो संदिग्ध लगी तो उसका पीछा किया। स्कॉर्पियो सिकराय जाने वाले रास्ते पर थी, इसलिए गश्ती टीम ने सिकराय जाप्ते को सूचना दी और कार को रुकवाने के निर्देश दिए।

### सिकराय में पुलिस के जाब्ते ने कर रखी थी नाकाबंदी

सिकराय में एसबीआई बैंक के पास पुलिस के जाब्ते ने नाकाबंदी कर रखी थी। ड्यूटी पर होमगार्ड संतोष मुद्गल तैनात थे। रात 1.50 बजे सिकंदरा चौराहे की तरफ से स्कॉर्पियो आती दिखाई दी। इस दौरान कार की रफ्तार तेज थी। संतोष ने कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने कार की स्पीड कम नहीं की। इस पर संतोष ने कार को रोकने के लिए लोहे की बेंच सड़क पर सरका दी। इसके बावजूद स्कॉर्पियो चालक ने कार को रोकने की जगह गाड़ी से बेंच और संतोष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद संतोष उछलकर सड़क पर गिरे। उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। इसके बाद चालक स्कॉर्पियो को कड़ी की कोठी इलाके की तरफ भगा ले गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

आईजी उमेश दत्ता ने बताया कि ये गंभीर मामला है। कार सवार बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस अब सिकराय व मानपुर कस्बे में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है, ताकि कार नंबर के आधार पर बदमाशों तक पहुंचा जा सके। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 पुलिस टीमों को फील्ड में तैनात किया है। एक टीम जयपुर में है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद सारी चीजें खुलकर सामने आएंगी। अलग-अलग अधिकारी मामले को देख रहे हैं। मानपुर थाना इंचार्ज श्रीकिशन ने बताया कि संतोष मुद्गल दौसा के करणी नगर में रहते थे। वे मूलरूप से सिकराय के ही गीजगढ़ के निवासी थे। उनके 12 साल का बेटा है। संतोष के पिता की मौत हो चुकी है। घटना के बाद जयपुर रेंज आईजी उमेशचंद्र दत्ता व एसपी वंदिता राणा मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। आईजी ने एसपी व डिप्टी एसपी से घटनाक्रम की जानकारी ली है। एएसपी बजरंग सिंह शेखावत, मानपुर डीएसपी दीपक मीणा, महुवा डीएसपी प्रेम बहादुर सिंह निर्भय, मानपुर थाना इंचार्ज श्रीकिशन मीणा की अगुवाई में टीमें गठित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

---

## शराब के नशे में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिले के सदर थाना क्षेत्र के खांड़ा डेरा गांव में एक पति ने शराब के नशे में पत्नी के सिर पर लाठी से हमला कर दिया। इसमें पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

वहीं, बेटे ने मां की हत्या के मामले में पिता के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है। थाना अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि बेटे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि सुबह 5 बजे थाने पर सूचना मिली कि खांड़ा डेरा गांव में एक पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पति ने पहले शराब पी और उसके बाद पत्नी पर लांछन लगाने लगा। इस दौरान पत्नी ने कुछ कहा तो शराब के नशे में 42 वर्षीय आरोपी पति सोहन ने पत्नी मंजू के सिर पर लाठी से वार कर दिया। इससे पत्नी मौके पर ही गिर गई।

घटना के बारे में आस-पास के लोगों को पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी ने बताया कि इस मामले में बेटे संदीप की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति पहले भी कई बार पत्नी से मारपीट कर चुका था। परिजनों ने कई बार उसे समझाया, लेकिन वह नहीं माना। सुबह 5 बजे घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी पति फरार हो गया।

**चुनावी पोळ**

बागी बैठ्या कोप भवन में,
सिर पर खड्या चुणाव।
ईडी घेरो डाल दियो,
पकड़ सी कुण सौ ठांव।।
■ गजानन

**सीधे फील्ड से** केंडिडेट्स की लिस्ट अटकने से नहीं जम रहा चुनावी रंग

# पूरे लवाजमे के साथ तैयार हैं बाराती, लेकिन दूल्हा नदारद

यमुना शंकर सोनी | बेधड़क

**जोधपुर।** जोधपुर संभाग में चुनावी माहौल धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा है। जिन्हें टिकट मिल चुका है, उन्होंने जनसम्पर्क शुरू कर दिया है, लेकिन जोधपुर शहर सहित जिले में राजनीति का रंग अभी नहीं जमा है। वजह कई सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा अटक जाना है।

टिकट चाहने वाले दावेदारों के दिल धकधक कर रहे हैं तो कार्यकर्ता बेचैन हैं। जोधपुर और पाली संभाग में कुल 33 विधानसभा सीट हैं। इनमें से अब तक केवल पांच सीटों पर दोनों पार्टियों के केंडिडेट्स के नाम घोषित हुए हैं।

बाकी 28 सीटों में से 9 पर दोनों दलों की तरफ से कोई केंडिडेट अब तक नहीं उतारा गया है। शेष 18 सीटें ऐसी हैं जिनमें से कांग्रेस ने 12 और बीजेपी ने 15 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस तरह जहां बाकी 22 सीटों पर कहीं एक तो कहीं दोनों दलों की तरफ से प्रचार के ढोल-नगाड़े बज रहे हैं तो 11 सीटों के कार्यकर्ता एक दूसरे का मुंह ताक रहे हैं। माहौल ऐसा है जैसे बाराती तो तैयार हैं पर दूल्हा गायब है।



## CM के सामने भाजपा प्रत्याशी का इंतजार

जोधपुर शहर की तीन विधानसभा सीटों सहित जिले में और नवसृजित फलोदी जिले की दो सीट मिलाकर कुल दस सीट हैं। इनमें से कांग्रेस ने चार और बीजेपी ने दो पर उम्मीदवार की घोषणा की है। जोधपुर में आने वाली तीन में से दो सीटों पर कांग्रेस और एक सीट पर बीजेपी ने केंडिडेट का नाम घोषित कर दिया है। सरदारपुरा सीट से सीएम अशोक गहलोत और जोधपुर सीट से मनीषा पंवार कांग्रेस की तरफ से चुनाव मैदान में है। इन दोनों के सामने बीजेपी अभी कोई नाम तय नहीं कर पाई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत इन दोनों में किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगे, नहीं लड़ेंगे या जिले की किसी अन्य सीट से उम्मीदवार बनाए जाएंगे जैसे सवाल शहर के राजनीतिक गलियारों में उठ रहे हैं। बीजेपी ने जोधपुर शहर में आने वाली सूरसागर सीट से वर्तमान विधायक सूर्यकांता व्यास की जगह पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां से कांग्रेस का उम्मीदवार अभी तय नहीं हुआ है। जिले की अन्य सीटों में से कांग्रेस ने लूणी से महेंद्र विश्नोई और ओसियां से दिव्या मदेरणा को फिर से टिकट दिया है। इनके सामने बीजेपी से कौन उम्मीदवार होगा इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है। बिलाड़ा से बीजेपी ने अर्जुन गर्ग को टिकट दिया है। इनके सामने कांग्रेस से कौन मैदान में आएगा यह तय होना है। शेरगढ़, भोपालगढ़ के अलावा नवसृजित फलोदी जिले की फलोदी और लोहावट सीट से भी अभी किसी पार्टी ने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।

## इन जिलों में कुछ ऐसी है तस्वीर

- पाली जिले में छह सीटें हैं। पाली जिले की छह सीटों में से केवल सोजत की तस्वीर साफ हुई है। यहां कांग्रेस ने पूर्व आइएएस निरंजन आर्य को और भाजपा ने वर्तमान विधायक शोभा चौहान को टिकट दिया है। इन के अलावा पाली से ज्ञानचंद पारख, बाली से पुष्पेंद्रसिंह राणावत, सुमेरपुर से जोराराम कुमावत चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि कांग्रेस ने आर्य के अलावा मारवाड़ जंक्शन से खुशवीरसिंह को टिकट दिया है। इस जिले में भी पांच विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी माहौल गति नहीं पकड़ सका है।
- जैसलमेर जिले की दो सीटों में से जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र से अब तक किसी दल ने उम्मीदवार तय नहीं किया है। पोकरण से भाजपा ने महंत प्रताप पुरी को टिकट दिया है। इनके सामने कौन होगा इसका इंतजार है।
- बाड़मेर जिले की चार सीटों में शिव और गुड़ा मालानी से दोनों दलों ने उम्मीदवार तय नहीं किए हैं। बाड़मेर से कांग्रेस ने वर्तमान विधायक मेवाराम जैन को ही टिकट दिया है। चोहटन से भाजपा के आदुराम मेघवाल जनसम्पर्क शुरू कर चुके हैं। लेकिन यहां से बीजेपी उम्मीदवार तय नहीं हुआ है।
- बालोतरा जिले की तीन सीट में से बायतु सीट पर दोनों मुख्य दलों के उम्मीदवार तय हो चुके हैं। कांग्रेस से हरीश चौधरी के सामने भाजपा के बालाराम मुंढ हैं। पचपदरा से कांग्रेस ने गुरुवार को ही मदन प्रजापत को टिकट दिया है। सिवाना से बीजेपी ने हमीरसिंह भायल को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के उम्मीदवार के नाम का इंतजार हो रहा है।
- सिरोही जिले की सिरोही सीट से कांग्रेस के संयम लोढ़ा का मुकाबला भाजपा के ओटाराम देवासी से है। भाजपा ने पिंडवाड़ा से समाराम गरासिया और रेवदर से जगसीराम कोली को टिकट दिया है। रेवदर से कांग्रेस ने मोतीराम कोली को उतार दिया है। पिंडवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार है।
- जालोर जिले सांचौर सीट से भाजपा ने पहली लिस्ट में सांसद देवजी पटेल का नाम घोषित कर दिया था। इसके बाद जो हंगामा हुआ उसने पार्टी आलाकमान को सांसत में डाल दिया। पटेल के सामने कांग्रेस ने सुखराम विश्नोई को उम्मीदवार बनाया है जो वर्तमान में मंत्री हैं। इसके अलावा जिले की आहोर, जालोर, भीनमाल और रानीवाड़ा सीट से दोनों दलों ने अब तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है।

### बढ़ रही बैचेनी

लिस्ट का इंतजार कर रहे टिकट के दावेदारों की हालत तो हर कोई समझ सकता है। अब तक आई दोनों दलों की सूचियों को देखने के बाद पार्टी के अंदरूनी या अन्य एजेंसियों से कराए गए सर्वे से ज्यादा दावेदारों को अब भगवान और अपनी किस्मत पर ही भरोसा रह गया है। दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं को ऐसे माहौल में खाली बैठना अखर रहा है।

### थर्ड फ्रंट अभी पीछे

थर्ड फ्रंट या अन्य दलों ने भी अभी जोधपुर जिले में किसी सीट से केंडिडेट का नाम तय नहीं किया है। इनमें सबसे प्रमुख राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) है। पिछले माह रालोपा की ओर से आयोजित सत्ता संकल्प यात्रा को कई इलाकों में व्यापक समर्थन मिला था। फिलहाल रालोपा किसी अन्य दल के साथ गठबंधन की संभावनाएं तलाश रही है।

### 33 में से 3 पर महिला उम्मीदवार

दोनों संभाग की 33 सीटों में से अब तक घोषित उम्मीदवारों में से केवल तीन महिलाएं हैं। इनमें से कांग्रेस ने दो, जोधपुर से मनीषा पंवार और ओसियां से दिव्या मदेरणा जबकि भाजपा ने पाली जिले की सोजत सीट से शोभा चौहान को उम्मीदवार बनाया है।





**बिहाइंड द कर्टेन**

## ईडी के साथ माहौल में घुला मिर्च-मसाला

प्रदेश में चुनाव की घमासान के बीच गुरुवार को ईडी की छापेमारी से सियासत गरमा गई। हाथ वाली पार्टी में ईडी की कार्रवाई का विरोध हुआ तो वही नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। सियासतगारों ने एक-दूसरे की परतें खोलना शुरू कर दिया। बहरहाल हाथ वाली पार्टी के लोगों में ईडी की कार्रवाई से गरमाहट दिख रही है। उधर फूल वाली पार्टी के नेता कह रहे हैं कि एजेन्सी अपना काम कर रही है। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को सही ठहराते हुए फूल वाले नेताओं की बाछें खिली हुई हैं। ईडी की कार्रवाई के घेरे में आए नेताओं के बचाव में समर्थक उतर आए हैं और कार्रवाई का विरोध जताया जा रहा है। उनका कहना है कि ये सब सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र है। वहीं मुखियाजी भी ईडी की कार्रवाई को फूल वाली पार्टी के आला नेताओं की कारगुजारी बताते हुए उन पर निशाना साध रहे हैं। एक तरफ जहां चुनावी माहौल के बीच ईडी की कार्रवाई का नेताओं को सामना करना पड़ रहा है वहीं चुनावी जनसंपर्क भी प्रभावित हो रहा है। वहीं अंदरखाने यह चर्चा भी जोरों पर है कि हाथ वाली पार्टी को फिर से सत्ता में नहीं आने देने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगाया जा रहा है। किसी भी सूरत में सरकार रिपीट करने के उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना चाहते। इसके लिए जनता के बीच जाकर खामियों को गिनाया जा रहा है। वहीं भ्रष्टाचार और अपराध को मुद्दा बनाकर विपक्ष के नेता सरकार विरोधी माहौल तैयार करने में जुट गए हैं।

■ यायावर

**ई वॉर**



Ashok Gehlot @ashokgehlot51

Plan 'E'

भाजपा का प्लान A, B, C, D सब फेल होने के बाद अब प्लान 'E' ही शेष रह गया है।

इसीलिए ED को चुनावी टिड्डी दल की तरह इस्तेमाल करके जिस भी राज्य में भाजपा की हार सुनिश्चित हो वहां जीतने वाले दलों की फसल खराब करने की कोशिश करने भेज देते हैं।

कल राजस्थान की महिलाओं को 2 गारंटियां दी तो आज ED को भेज दिया। अभी तो 5 गारंटियां और देने जा रहे हैं, परसों तक ED वालों की संख्या कम ना पड़ जाए।

BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 3h

महिलाओं का जीवन नरक बनाने वाले सीएम गहलोत साहब के सभी दावे-वादे बनावटी हैं, राजस्थान की मातृशक्ति ने ठान लिया है कि इस महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को विदा कर के मानेंगे।

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## चुनाव जीतती हैं आंटीजी

# नेतागिरी करते हैं अंकल जी... यही है सिस्टम

**स्थान** जगतपुरा **समय** दोपहर 1:20 बजे

**जयपुर**

*हमारा देश त्योहारों का देश है। दिवाली आने को है तो उसकी चमक गांवों-शहरों में दिखाई देने लगी है। लेकिन दिवाली के साथ ही एक ऐसा त्योहार भी है जिसे हर धर्म का भारतीय मनाता है। यह त्योहार है चुनाव। पांच साल में एक बार आने वाले इस त्योहार के लिए लोगों में कई तरह की भावनाएं उछालें मार रही होती हैं। चुनाव लड़ने को तैयार नेताओं से लेकर भविष्य में चुनाव लड़ने के सपने देखने वाले युवा नेताओं तक और किसी भी विचारधारा के प्रति समर्पित होकर सोचने व काम करने वाले समर्थकों से लेकर बिना लाग-लपेट सही का समर्थन करने वाले आम नागरिकों तक सब इस त्योहार का मजा लेते हैं। तो, लोकतंत्र के इस त्योहार के माहौल के बीच जनता का मिजाज जानने हम पहुंचे जगतपुरा में चाय के एक ठीये पर जहां कुछ युवतियों की मंडली जमी थी। चाय की चुस्कियों के साथ बात चल रही थी इस बार के चुनाव मैदान में ताल ठोक रही महिलाओं की-"क्यों अब तो खुश है, अब तो दोनों ही पार्टियां उतार रही हैं लेडीज को। जयपुर में ही दो-दो को उतार दिया। अब तो कुछ भी बोल 10-15 साल बाद अपना भी चांस बनता है।" एक स्टूडेंट ने बात शुरू की तो दूसरी ने उसका साथ दिया- "हां सही है सीधा विधानसभा ही पहुंचना अब, अब तो रास्ता खुल गया तेरे लिए।" जिस पर निशाना साधा गया था वह शायद राजनीति में अपनी जगह बनाने की कोशिश में हाथ-पैर मार रही स्टूडेंट थी, वह बोली- " अरे ऐसे कुछ होना जाना नहीं है। केवल रिजर्वेशन मिलने से कुछ नहीं होता। हां, अब हमारी गिनती तो बढ़ जाएगी लेकिन इसमें वो ही शामिल होंगी जिनके सिर पर किसी बड़े आका का हाथ है। और जिनको टिकट मिले हैं, उनकी पहुंच जानते नहीं हो क्या तुम।" चौथी स्टूडेंट ने उसका साथ दिया-"हां बात तो सही है। अब गांवों में देखते नहीं क्या तुम लोग। चुनाव जीतती हैं आंटीजी और नेतागिरी करते हैं अंकल। जो भी एमएलए, एमपी, मंत्री बनती हैं उनके पति, पिता या कोई दूसरा रिश्तेदार पावरफुल होता ही है, तभी वो वहां पहुंचती है।" अभी तक चाय में पूरी तरह तल्लीन स्टूडेंट ने बात खत्म करते हुए कहा-" ऐसा नहीं है, कई लेडीज खुद के दम पर भी आगे बढ़ती हैं। बस सही डायरेक्शन में काम करना जरूरी है।" चुनावी माहौल हर बार एक नया रूप ले रहा है। राजनीति में जल्द ही कुछ नया देखने को मिलेगा। इसी का नमूना दिखाते हुए सभी स्टूडेंट्स चाय खत्म कर यहां से रवाना हुईं।*



**पॉली क्लिक्स**

बच्चे भगवान का रूप होते हैं। चुनावी माहौल को जमाने में बच्चों की भी बड़ी भूमिका है। ये वोट नहीं कर सकते, लेकिन प्रचार अभियानों में रंग जरूर भर देते हैं। झोटवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एक कार्यक्रम में एक बच्चे से बड़ी आत्मीयता के साथ मिले।

**पॉली टून**





**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# कभी इंदिरा और संजय गांधी का प्रतीक था कांग्रेस का चुनाव चिह्न 'गाय-बछड़ा'



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

स्वाधीन भारत में संसदीय प्रणाली के पहले दशक से राज करने वाली कांग्रेस का चुनाव चिह्न 'दो बैलों की जोड़ी' और 'चक्र में हलधर' चुनाव चिह्न के बलबूले केन्द्र में गठित पहली गैर कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान में शासनारूढ भाजपा का पूर्ववर्ती चुनाव चिह्न दीपक अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है।

अपने पर शासन करने के लिए आम जनता रूपी मतदाता जनप्रतिनिधि का चयन निर्वाचन पद्धति से करते हैं। कम पढ़े लिखे मतदाताओं द्वारा सुविधा से मतदान करने की दृष्टि से प्रत्याशियों के नाम के साथ चुनाव चिह्न प्रणाली को अपनाया गया। इसीलिए राजनीतिक दलों के लिए चुनाव चिह्न का अत्यधिक महत्व रहा है। इसके लिए निर्वाचन आयोग तथा न्यायालयों तक लम्बी लड़ाई की अजीबो गरीब कहानी रही है। इससे कुछ चुनाव चिह्न निर्वाचन आयोग द्वारा फ्रीज होकर





हमेशा के लिए दफन हो गए तो चुनावी दंगल जीतने के लिए नये चुनाव चिह्नअपनाए गए। चुनाव प्रचार के दौरान इन चुनाव चिह्नों को लेकर गीत एवं नारे भी लोकप्रिय हुए जिन्हें गुनगुनाते हुए जुलूस निकालने की परम्परा विकसित हुई।

तो आइए आज निर्वाचन प्रणाली के अहम किरदार चुनाव चिह्न, उनके महत्व और इतिहास की चर्चा कर ली जाए। स्वाधीनता की लड़ाई में प्रतीक बनाई गई कांग्रेस पार्टी के लिए प्रथम आम चुनाव से बैलों की जोड़ी चुनाव चिह्न अत्यंत भाग्यशाली रही। चूंकि तब भारत कृषि प्रधान की देश की उपमा से विभूषित था इसलिए खेती किसानी के प्रतीक बैलों की जोड़ी चिह्न को उपयुक्त माना गया। मनोविज्ञान की दृष्टि से भी यह मतदाताओं के अनुकूल था।

प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के करिश्माई नेतृत्व की लोकप्रियता और दो बैलों की जोड़ी चुनाव चिह्न की बदौलत कांग्रेस पार्टी आसानी से शासनारूढ हुई। दो दशक की अवधि पूरी होते-होते इस चुनाव चिह्न की छवि धूमिल होती गई। इंदिरा गांधी के राज-काज संभालने के साथ भारत की राजनीतिक व्यवस्था में उथल-पुथल का दौर आरम्भ हुआ।

### कांग्रेस से छूटी थी 'दो बैलों की जोड़ी'

वर्ष 1967 में हुए चौथे आम चुनाव में कांग्रेस को विपक्षी दलों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। तब लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुआ करते थे। चुनाव से पहले और परिणाम के पश्चात गठबंधन के चलते विभिन्न राज्यों में गैर कांग्रेस दलों ने मिलकर शासन सत्ता संभाली। तत्कालीन कांग्रेस की राजनीति में 'मोम की गुड़िया' के नाते विभूषित इंदिरा वर्ष 1969 में कांग्रेस पार्टी को विभाजन के कगार पर ले आईं। नतीजतन कांग्रेस का परम्परागत चुनाव चिह्न दो बैलों भी जोड़ी इस विवाद का पहला शिकार हुआ। भारत पाक युद्ध एवं बंगलादेश के उदय के पश्चात वर्ष 1971-72 के चुनाव में इंदिरा गुट से जुड़ी कांग्रेस को गाय और बछड़ा चुनाव चिह्न मिला। कांग्रेस के दूसरे गुट एस निजलिंगप्पा के संगठन को 'चरखा कातती महिला' चिह्न दिया गया। लेकिन यह विवाद थमा नहीं। चुनाव- दर-चुनाव कांग्रेस पार्टी टुकड़ों में विभाजित होती गई। आपातकाल के पश्चात वर्ष 1977 के चुनाव में इंदिरा गुट का चुनाव चिह्न 'गाय और बछड़ा' इंदिरा एवं उनके छोटे पुत्र संजय गांधी के प्रतीक रूप में समझा जाने लगा। वर्ष 1978 में पार्टी में पुन: विभाजन के दौर में इंदिरा गुट के चुनाव चिह्न 'गाय और बछड़ा' की अकाल मौत हुई तथा इसके बदले 'हाथ' चुनाव चिह्न मिला। बाद में कतिपय चुनावी असफलता के संदर्भ में चुनाव चिह्न हाथ में भाग्यरेखा नहीं होना भी चर्चित हुआ लेकिन केन्द्र में गठित प्रथम गैर कांग्रेस सरकार के पतन के पश्चात 1980 के चुनाव में इंदिरा की कांग्रेस को सफलता मिली। तब चुनाव में यह नारा प्रचलित हुआ था "न जात पर न पांत पर, मोहर लगेगी हाथ पर।"

### कांग्रेस (स) का चुनाव चिह्न था चरखा

इंदिरा के गुट वाली कांग्रेस के 'हाथ' चुनाव चिह्न के किस्से के साथ कांग्रेस के दूसरे गुट की कहानी भी अत्यंत दिलचस्प है। तब इस संगठन की कांग्रेस (स) के नाम से पहचान थी। नेतृत्व को लेकर इस गुट में भी समय समय पर परिवर्तन होते रहे। एक समय महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार इस गुट के मुखिया रहे तो असम के कांग्रेस नेता शरत चन्द्र सिन्हा ने नेतृत्व संभाला। शरद पवार की आस्था भी बदलती रही। वह कांग्रेस में पून: सम्मिलित हुए और इंदिरा के सुपुत्र राजीव गांधी की जीवन संगिनी सोनिया गांधी के इटली मूल के मुद्दे को लेकर अलग हुए। नए दल राष्ट्रवादी कांग्रेस की स्थापना की। विशेषकर महाराष्ट्र तक सीमित इस पार्टी का चुनाव चिन्ह 'घड़ी' है। कांग्रेस (स) नामक संगठन वर्ष 1989 में वी पी सिंह की अगुवाई में गठित राष्ट्रीय मोर्चा का एक घटक दल रहा और इसका चुनाव चिह्न 'चरखा कातती महिला' के स्थान पर केवल चरखा तक सिमट गया।

- क्रमश:

# जलवायु परिवर्तन से ताकतवर हो रहे मच्छर



**पंकज चतुर्वेदी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार व पर्यावरणविद्

दिल्ली से सटे गाज़ियाबाद जिले के भनेडा गांव में बीते एक महीने में दस लोग मारे गए हैं, शुरुआती कारण तो मच्छरजनित रोग ही हैं। देश के लगभग हर जिले में इस बार मच्छरों से फैलने वाले रोग लोगों के शरीर और जेब पर मार कर रहे हैं। दुखद है कि हमारे देश में कई दशक से मलेरिया उन्मूलन चल रहा हैं, लेकिन दूरगामी योजना के अभाव में न मच्छर कम हो रहे न ही मलेरिया, उलटे मच्छर अधिक ताकतवर बन कर अलग-अलग किस्म के रोग के संचारक बन रहे हैं और मलेरिया डेंगू, जापानी बुखार और चिकनगुनिया जैसे नए-नए संहारक शस्त्रों से लैस हो कर जनता पर टूट रहा है। यह बात भी सिद्ध हो चुकी है कि हमारे यहां मलेरिया निवारण के लिए इस्तेमाल हो रही दवाएं असल में मच्छरों को ही ताकतवर बना रही हैं। विशेषरूप से राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों (जहां हाल के वर्षों में अप्रत्याशित रूप से घनघोर पानी बरसा है), बिहार के सदानीरा बाढ़ग्रस्त जिलों मध्यप्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यें व नगरीय-स्लम में बदल रहे दिल्ली, कोलकाता जैसे महानगरों में जिस तरह मलेरिया का आतंक बढ़ा है, वह आधुनिक चिकित्या विज्ञान के लिए चुनौती है।

देश के पहाड़ी इलाकों में अभी कुछ साल पहले तक मच्छर देखने को नहीं मिलता था, अब वहां रात में खुले में सोने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। एक वैज्ञानिक अध्ययन से पता चला है कि डेंगू का संक्रमण रोकने में हमारी दवाएं निष्प्रभावी हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ बंगाल, दार्जीलिंग ने बंगाल के मलेरिया ग्रस्त इलाकों में इससें निबटने के लिए इस्तेमाल हो रही दवाओं-डीडीटी, मैलाथिओन परमेथ्रिन और प्रोपोक्सर को लेकर प्रयाग किए और पाया कि मच्छरों में प्रतिरोध पैदा करने वाली जैव-रासायनिक प्रक्रिया के तहत मच्छरों में मौजूद एंजाइम काबरेक्सीलेस्टेरेसेस, ग्लूटाथिओन एस-ट्रांसफेरेसेस और साइटोक्रोम पी-450 या संयुक्त रूप से काम करने वाले ऑक्सीडेसेस के माध्यम से उत्पन्न डिटॉक्सीफिकेशन द्वारा प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न हुई है। इस अध्ययन से जुड़े वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धीरज साहा के अनुसार- 'कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण मच्छरों ने अपने शरीर में कीटनाशकों के नियोजित कार्यों का प्रतिरोध करने के लिए रणनीतियों का विकास कर किया है। इसी प्रक्रिया को कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधी क्षमता के विकास रूप में जाना जाता है।' गौरतलब है कि एडीस एजिप्टि और एडीस अल्बोपिक्टस डेंगू के रोगवाहक मच्छरों की प्रजातियां हैं, जो पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैली हैं। भारत में मलेरिया से बचाव के लिए वर्ष 1953 में राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया था। गांव-गांव में डीडीटी का छिड़काव और क्लोरोक्वीन की गोलियां बांटने के ढर्रे में सरकारी महकमे भूल गए कि समय के साथ कार्यक्रम में भी बदलाव जरूरी है। धीरे-धीरे इन दवाओं की प्रतिरोधक क्षमता मच्छरों में आ गई। तभी यह छोटा सा जीव अब ताकतवर हो कर निरंकुश बन गया है। पिछले कुछ सालों से देश में कोहराम मचाने वाला मलेरिया सबटर्मियम या पर्निसियम मलेरिया कहलाता है। इसमें तेज बुखार के साथ-साथ लकवा, या बेहोशी छा जाती है। हैजा नुमा दस्त, पेचिस की तरह शौच में खून आने लगता है। रक्त-प्रवाह रुक जाने से शरीर ठंडा पड़ जाता है। गांवों में फैले नीम-हकीम ही नहीं, बड़ी-बड़ी डिग्री से लैस डॉक्टर भी भ्रमित हो जाते हैं कि दवा किस मर्ज की दी जाए? डॉक्टर लेबोरेट्री-जांच व दवाएं बदलने में तल्लीन रहते हैं और मरीज की तड़प-तड़पकर मौत हो जाती है।

> “धीरे-धीरे इन दवाओं की प्रतिरोधक क्षमता मच्छरों में आ गई। तभी यह छोटा सा जीव अब ताकतवर हो कर निरंकुश बन गया है। पिछले कुछ सालों से देश में कोहराम मचाने वाला मलेरिया सबटर्मियम या पर्निसियम मलेरिया कहलाता है। इसमें तेज बुखार के साथ-साथ लकवा, या बेहोशी छा जाती है। हैजा नुमा दस्त, पेचिस की तरह शौच में खून आने लगता है।”

हालांकि ब्रिटिश गवर्नमेंट पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री सर्विस (पीएचएलसी) की एक अप्रकाशित रिपोर्ट में बीस साल पहले ही चेता दिया गया था कि दुनिया के गर्म होने के कारण मलेरिया प्रचंड रूप ले सकता है। गर्मी और उमस में हो रहा इजाफा खतरनाक बीमारियों को फैलाने वाले कीटाणुओं व विषाणुओं के लिए संवाहक के माकूल हालात बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया था कि एशिया में तापमान की अधिकता और ठहरे हुए पानी के कारण मलेरिया के परजीवियों को फलने-फूलने का अनुकूल अवसर मिल रहा है। कहा तो यह भी जाता है कि घरों के भीतर अंधाधुंध शौचालयों के निर्माण व शौचालयों के लिए घर के नीचे ही टेंक खोदने के कारण मच्छरों की आबादी उन इलाकों में भी ताबड़तोड़ हो गई है, जहां अभी एक दशक पहले तक मच्छर होते ही नहीं थे। सनद रहे कि हमारे यहां स्वच्छता अभियान के नाम पर गांवों में जम कर शौचालय बनाए जा रहे हैं, जिनमें न तो पानी है, ना ही वहां से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की मुकम्मल व्यवस्था। धरती का गरम होता मिजाज जहां मलेरिया के माकूल है, वहीं एंटीबायोटिक दवाओं के मनमाने इस्तेमाल से लोगों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। नीम व ऐसी ही वनोषधियों से मलेरिया व मच्छर उन्मूलन की दवाओं को तैयार करना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## ग्लोबल वार्मिंग: वनों को बचाने की दिशा में करना होगा कार्य

# ऑक्सीजन आधारित भविष्य का कारोबार



**संतोष शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार व पर्यावरणविद्

> “भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार देश में वनों का क्षेत्रफल बढ़ा है परंतु इस रिपोर्ट पर नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंस बेंगलूरु के संरक्षण वैज्ञानिकों ने ही सवालिया निशान लगाया है, उनका पक्ष है कि भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट में चाय बागानों, नारियल के बगीचों, निजी प्लांटेशन एवं वन विभाग द्वारा किए गए प्लांटेशन को भी वनों की श्रेणी में रखा गया है, जबकि वन अपने आप में पूरा परिस्थिति तंत्र होता है।”

गर्भावस्था के दौरान गर्भस्थ शिशु भी प्रदूषण के असर से सुरक्षित नहीं हैं, उनकी जांच के दौरान सामने आया कि हानिकारक तत्व उनके रक्त में उपस्थित पाए गए हैं जो कि उसके विकास में अवरोध उत्पन्न करने की सामथ्र्य रखते हैं। संस्था 'द लैंसेट' ने अपनी पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया है कि ब्लैक कार्बन के नैनो पार्टिकल्स माॅ के गर्भ में पलने वाले भ्रूण के फेंफड़ों एवं मस्तिस्क तक प्लेसेंटा अर्थात गर्भनाल के माध्यम से पहुंचे, जिसके कारण गर्भ में पलने वाले भ्रूण को कई सारी गंभीर परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ सकता है जिसमें गर्भपात, समय पूर्व प्रसव, मस्तिस्क का अल्प विकास आदि भी हो सकती हैं।

घर से दूर कहीं घूमने के दौरान अचानक से लगी प्यास तो रूक कर दुकान से एक लीटर की पानी बोतल लेकर अपनी प्यास बुझाने का तरीका हमारे जीवनशैली की सामान्य सी आदत बन चुका है, जिसे हमारी आवश्यकता एवं शुद्धता के बहाने लगाकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पिछले काफी समय से प्रचारित कर इंसान की मौलिक सोच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में परिवर्तित करने का कार्य प्रचार माध्यमों से किया जा चुका है। इस सोच को अपने पक्ष में करने के लिए इन कंपनियों ने बड़ी मात्रा में धन एवं धैर्य के साथ समय का निवेश भी किया जो अब घाटे से निकलकर कंपनियों का टर्नओवर कई हजार गुना तक पहुंच चुका है। यहां पानी के व्यापार के विषय में जानकारी नहीं अपितु समय के साथ ही हम पर्यावरण के प्रति कितने लापरवाह हो चुके हैं कि पानी जो कि मूलभूत आवश्यता का प्रथम अवयव है, उसे भी लोगों को सर्व सुलभ बना नहीं सके। व्यक्ति का शरीर बिना भोजन के कई महीनों तक जीवित रह सकता है, पानी के बिना कुछ दिनों तक परंतु प्राण वायु के बिना कुछ पल ही जीवित रहने की सामथ्र्य हमारे पास है, ऐसे में लगातार हो रहे प्रदूषण के कारण इंसानी शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हैं जिनसे उसकी स्वस्थ रहने की क्षमताओं को कम कर दिया है।




अमेरिकी संस्था 'बर्कले अर्थ' के द्वारा विभिन्न माध्यमों में प्रसारित की गई रिपोर्ट के अनुसार 1851 से 1900 की तुलना में 1980 तक केवल 0.4 डिग्री तापमान बढ़ा था, लेकिन उसके बाद 1981 से 2020 तक 40 वर्षों में यह अंतर 0.6 डिग्री तक बढ़ गया है, इसका आशय हमारा देश भारत वर्ष 1900 की अपेक्षा वर्ष 2020 तक एक डिग्री ज्यादा गर्म हो गया है, जिसके लिए ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार माना जा रहा है, किंतु ग्लोवल वार्मिंग के कई कारणों में एक मुख्य वजह है कार्बन उत्सर्जन, जिसे कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर ग्लोबल समिट का आयोजन किया जाता रहा है तथा प्रत्येक देश अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के दावे एवं उस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को विश्व पटल पर आंकड़ों एवं डिजिटल रूप में प्रस्तुत करते हैं, परंतु इन सबके उलट वास्तविकता कुछ और ही नजर आती है।

खैर हम बात करते हैं ग्लोबल वार्मिंग अर्थात पृथ्वी के वातावरण के तापमान में हो रही वृद्धि के विषय में जिसके लिए ऐसा नहीं है कि जीवाश्म ईंधन ही जिम्मेदार पूर्णतः जिम्मेदार हैं अपितु यहां बताना लाजमी होगा कि वनों का लगातार घटता क्षेत्रफल जो कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से है, यह भी एक प्रमुख वजह है। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार देश में वनों का क्षेत्रफल बढ़ा है परंतु इस रिपोर्ट पर नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंस बेंगलूरु के संरक्षण वैज्ञानिकों ने ही सवालिया निशान लगाया है, उनका पक्ष है कि भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट में चाय बागानों, नारियल के बगीचों, निजी प्लांटेशन एवं वन विभाग द्वारा किए गए प्लांटेशन को भी वनों की श्रेणी में रखा गया है, जबकि वन अपने आप में पूरा परिस्थिति तंत्र होता है, यह जीवों को आश्रय देता है, खाद्य श्रृंखला को सुचारू रखता है, कंक्रीट के जंगलों में लगे पौधे अथवा पेड़ वनों का स्थान कभी नहीं ले सकते।

अभी हाल ही में एक अध्ययन में सामने आया कि गर्भावस्था के दौरान गर्भस्थ शिशु भी प्रदूषण के असर से सुरक्षित नहीं हैं, उनकी जांच के दौरान सामने आया कि हानिकारक तत्व उनके रक्त में उपस्थित पाए गए हैं जो कि उसके विकास में अवरोध उत्पन्न करने की सामथ्र्य रखते हैं। संस्था 'द लैंसेट' ने अपनी पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया है कि ब्लैक कार्बन के नैनो पार्टिकल्स मां के गर्भ में पलने वाले भ्रूण के फेंफड़ों एवं मस्तिष्क तक प्लेसेंटा अर्थात गर्भनाल के माध्यम से पहुंचे, जिसके कारण गर्भ में पलने वाले भ्रूण को कई सारी गंभीर परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ सकता है, जिसमें गर्भपात, समय पूर्व प्रसव, मस्तिस्क का अल्प विकास आदि भी हो सकता है। यह अध्ययन दर्शाता है कि प्रदूषण के कारण इंसान के सम्मुख कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का संकट आ खड़ा हुआ है, आने वाले समय में यह परिस्थिति और भी अधिक विकराल एवं भयानक रूप लेने वाली है। प्रथ्वी के वातावरण में विभिन्न गैसों की परत विद्यमान है जो कि हमें सूर्य की घातक किरणों से सुरक्षित रखती हैं, वातावरण में सर्वाधिक 78 प्रतिशत मात्रा नाईट्रोजन की है इसके बाद 20.95 प्रतिशत ऑक्सीजन पाई जाती है, यही वह प्राणवायु है जिससे इंसानों को जीवन प्राप्त होता है परंतु जीवाश्म ईंधन के अनावश्यक दोहन एवं दहन के साथ वनों के विनाश के कारण वातावरण में कार्बन आधारित गैसों जैसे कि कार्बन डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरो कार्बन सीएफसी आदि गैसों का उत्सर्जन अधिक होने लगा है, कई शहरों में हालात यह है कि लोगों को प्रदूषण की वजह से वायु शोधन यंत्र एवं ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर का उपयोग करना पड़ रहा है। अभी हाल ही में हमने देखा कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोगों को ऑक्सीजन के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा, जाने कितने ही लोग ऑक्सीजनकी अनुपलब्धता के चलते असमय मृत्यु को प्राप्त हो गए, परंतु अब सरकारी प्रयासों के चलते निजी सहयोग से भी ऑक्सीजन संयंत्रों द्वारा समुचित मात्रा में उत्पादन क्षमता हासिल कर ली गई है। कोरोना काल से भी हमने कुछ नहीं सीखा पुनः जीवास्म ईंधन का दोहन, बढ़ता प्रदूषण तथा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है, यह ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें पानी की बोतलों की तरह ऑक्सीजन की बोतलों का सहारा लेना होगा। हां यह भी हो सकता है कि कई लोग इस संदर्भ के विषय में अपने ज्ञान को आधार मानते हुए नकारने का प्रयास करें, परंतु यह सर्वदा सत्य है कि आने वाले समय में हमें कृत्रिम ऑक्सीजन के भरोसे ही जीवन व्यतीत करना होगा क्योंकि पिछले एक शतक में जिस प्रकार की गतिविधियों का व्यापाक रूप से प्रचार प्रसार एवं जीवन का अंग बनाया गया है उसके अपने परिणाम प्रदर्शित होने लगे हैं, परंतु हमारी आंखो पर पड़ी आधुनिकता की परत इस सत्य को स्वीकार करने से हमें लगातार रोक रही है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों से बचना चाहते है तो बड़े पैमाने पर प्रयासों को पूर्ण ईमानदारी के साथ लागू करना होगा, वनों को बचाने के लिए उन्हे सुरक्षित रखने के लिए जन जागृति पैदा करनी होगी, वनों के आसपास रहने वाले लोगों को ही वनों का रक्षक बनाने की दिशा में कार्य करना होगा, कई लोगों एवं वनवासी लोगों के आजीविका साधन यह वन ही हैं उन्हे संरक्षित करना ही होगा, पेड़ों को काटे जाने से बचाने के लिए सख्त कानूनों को लागू करना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# खिसियानी बिल्ली...



**गोविंद सेन**
व्यंग्यकार

बाजार में सम्मान के कई प्रकार मौजूद हैं। मुख्यतः दो प्रकार के सम्मान होते हैं-एक,खाली सम्मान जो मुद्राहीन होते हैं और दूसरे, भरे हुए सम्मान जो मुद्रापूरित होते हैं। बाकी के सभी सम्मान इन्हीं दोनों के बीच के होते हैं-कुछ-कुछ खाली और कुछ-कुछ भरे। माना जाता है या मनवाया जाता है कि खाली सम्मानों में सम्मान की मात्रा सर्वाधिक होती है और भरे हुए सम्मानों में सम्मान की मात्रा शून्य या सबसे कम होती है। खाली सम्मान में मात्र पुष्पमाला पहना दी जाती है। यह माला भी अक्सर दूसरे के गले से उतरी हुई 'सेकंड नैक' होती हैं। पुष्पमाला के बजाय कभी-कभी नकली किन्तु श्वेत चमकीले मोतियों की माला भी पहना दी जाती है। ए फोर साइज के लेमिनेटेड कागज का एक प्रशंसा पत्र सौंप दिया जाता है। कभी-कभी मालाओं और प्रशंसा पत्र के अभाव में केवल मुँह से ही प्रशंसा कर सम्मानित कर दिया जाता है। ख़ाली टाइप का सम्मान सम्मानित को और खाली कर देता है। लेकिन देने वाले को दाता होने के घमंड से भर देता है।

हमारे एक अभूतपूर्व कवि मित्र हैं। जब से वे अभूतपूर्व कवि हुए हैं, वे मेरे लिए भूतपूर्व मित्र हो गए हैं। वे सम्मान की इतनी सीढ़ियां चढ़ चुके हैं कि उन्हें हम बौने नजर आते हैं। बौने ही नहीं, उपहास के पात्र नजर आते हैं। उनकी नजर में हमारा असम्मानित जीवन निरर्थक हो गया है। विश्व की किसी बुक में हमारे एक सम्मानित मित्र का नाम दर्ज हो गया है। मुझे अधिक पता नहीं है, लेकिन उनका नाम स्वर्णाक्षरों में जरूर लिखा गया होगा। उनके आगे जाने तक में हमें शर्म आती है। वे सम्मान के समुद्र की शार्क मछली हैं। उन्हें हर दिन सम्मान प्राप्त होता है। उन्हें सम्मान की लत लग गई है। कभी कभी तो एक दिन में तीन-तीन सम्मान प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने सम्मान के कई शतक लगा दिए हैं। जिस दिन उन्हें सम्मान प्राप्त नहीं होता, उन्हें खाली-खाली लगता है। साहित्य की डगरिया सूनी लगती है।

सबसे अच्छा सम्मान सरकारी सम्मान होता है। यह भरे हुए टाइप का सम्मान है। यह सबसे अधिक असरकारी होता है। इस सम्मान से रुतबा कई गुना बढ़ जाता है। इसमें सम्मानित को मुद्रा भी प्राप्त होती है। बस उसे रीढ़ को थोड़ा झुकाकर लेना पड़ता है। यदि पहले ही रीढ़ झुकी हो तो सोने पर सुहागा। सम्मानित मालाओं के बोझ से दुहरा होकर सजदे की मुद्रा में आ जाता है। बाद में उसे कहना पड़ता है- 'मैं सजदे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।' यदि रीढ़ पहले से ही नहीं है तो यह सबसे बेहतर स्थिति है। हम सम्मान की पहली सीढ़ी को ही छू नहीं पाए और हमारे कई मित्रगण सम्मान के शिखर तक पहुँच गए। अब हम कहने लगे हैं कि हम सम्मान के पीछे नहीं भागते। कौन उन्हें ढोता फिरे। कौन उनकी धूल झाड़ता फिरे। एक न एक दिन वे कूड़ेदान में ही फेंके जाने हैं। दूसरी समस्या यह है कि अपने घर में तो उनके प्रदर्शन के लिए ढंग का कोई कमरा भी नहीं है और असंख्य बधाइयों को समेटने की कुव्वत भी हममें नहीं है। हां, आप बेखट के कह सकते हैं-खिसियानी बिल्ली खम्भा नोंचे।

## नॉलेज कॉर्नर: दुनियाभर में हैं करोड़ों क्रिकेट प्रेमी

# ड्यूक परिवार ने बनाई पहली क्रिकेट बॉल

विश्व भर में सबसे अधिक किसी खेल के प्रशंसक हैं तो वह हैं क्रिकेट खेल के। दुनिया भर में करोड़ों क्रिकेट के प्रशंसक हैं और हर रोज क्रिकेट खेलते और देखते हैं। इस खेल को लेकर खासकर एशिया महाद्वीप में तो बहुत अधिक दीवानगी है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और यहां तक कि अब चीन में भी यह खेल बेहद लोकप्रिय हो चुका है। वैसे एशिया के अलावा दुनियाभर में भी यह खेल लोकप्रिय हो चुका है। लेकिन अधिकतर लोग क्रिकेट खेल में उपयोग की जाने वाली गेंद के बारे में नहीं जानते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं क्रिकेट की गेंद के अविष्कार के बारे में...

### किंग जॉर्ज से करवाया पेटेंट

1760 और 1841 के बीच के वर्षों में पहली निर्मित क्रिकेट गेंदें ड्यूक परिवार की पीढ़ियों द्वारा बनाई गई थीं। जो उस समय केंट के पेंसहर्स्ट में रेडलीफ़ हिल में एक कुटीर व्यवसाय चलाते थे। 1775 में, ड्यूक एंड सन ने किंग जॉर्ज चतुर्थ से अपनी क्रिकेट गेंदों के लिए रॉयल पेटेंट प्राप्त किया। उन्होंने 1780 के क्रिकेट सीज़न में उपयोग की जाने वाली पहली छह सीम वाली क्रिकेट गेंद का निर्माण किया। जबकि क्रिकेट को केंट और ससेक्स के वेल्ड में एक लोकप्रिय खेल के रूप में अपनाया गया था, क्रिकेट गेंद बनाने वाले परिवार ड्यूक एंड सन ने भी खेल के इतिहास और उत्पत्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




### वजन और आयाम

क्रिकेट गेंदों का निर्माण ब्रिटिश मानक बीएस 5993 द्वारा नियंत्रित किया जाता है जो क्रिकेट गेंदों के आकार, गुणवत्ता, निर्माण सामग्री और प्रदर्शन की जांच करता है। 1744 में पहले क्रिकेट नियम के अनुसार क्रिकेट गेंदों का वजन 5 औंस से 6 औंस के बीच होना चाहिए। हालांकि 1770 के दशक में गेंद का वजन 5 औंस से 5.75 औंस के बीच कर दिया गया था। इसके अलावा क्रिकेट गेंद की परिधि 8.8125 से 9 इंच के बीच होनी चाहिए।

### भारत में 1931 में निर्माण शुरू

*भारत स्थित सैंसपैरिल्स ग्रीनलैंड्स, जिसे एसजी के नाम से भी जाना जाता है, ने 1931 में अपना क्रिकेट गेंद निर्माण उद्यम शुरू किया था। ब्रदर्स केदारनाथ और द्वारकानाथ आनंद द्वारा स्थापित, एसजी गेंदों में अधिक प्रमुख सीम होती है और कूकाबुरा गेंदों की तुलना में एक साथ करीब होती है।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
अडानी के कोयले का दाम,
अडानी के अनाज गोदाम... ये गरीब की जेब काटने और कृषि की रीढ़ तोड़ने के हथियार हैं।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
Plan 'E' भाजपा का प्लान A, B, C, D सब फेल होने के बाद अब प्लान 'E' ही शेष रह गया है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
प्रेम समावेशन की एक प्रक्रिया है। एक बार जब मैं तुम्हें अपने एक हिस्से के रूप में शामिल कर लूंगा, तो मैं तुम्हारे लिए वैसे ही रहूंगा जैसे मैं अपने लिए हूं।

**यूपी में पोस्टर वार:** 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री और अजय राय होंगे मुख्यमंत्री

# कांग्रेस ने अखिलेश को PM बनाने वाले पोस्टर पर दिया करारा जवाब

**एजेंसी** | लखनऊ

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच तल्ख टिप्पणियों के बाद अब पोस्टर वार शुरू हो गया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव को देश का भावी पीएम बताने के पोस्टर पार्टी कार्यालय के बाहर लगाने के बाद अब कांग्रेस आफिस के बाहर राहुल गांधी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को मुख्यमंत्री बनाने के पोस्टर लगाए गए हैं। कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में किसानों को एमएसपी देने, बुजुर्गों को पेंशन देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, नौकरियां देने और जातिगत जनगणना कराने जैसे वादे किए गए हैं।

पोस्टर में जनता से कांग्रेस के साथ आने की भी अपील की गई है। पोस्टर को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है तो लोग सोशल मीडिया पर मजे भी ले रहे हैं। सपा कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल है। हालांकि, इस तरह के पोस्टर लगाए जाने के बाद लोग गठबंधन के भविष्य को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।




### फिर तेज होने लगी सियासी चर्चाएं

बीते दिनों कांग्रेस-सपा में तल्खी बढ़ने को लेकर अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि कांग्रेस को पहले स्पष्ट करना चाहिए था कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बन रहा है। हालांकि, बकौल अखिलेश शीर्ष नेतृत्व से बातचीत होने के बाद अखिलेश ने भी सपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी न करने की अपील की थी। बहरहाल, इस पोस्टरवार से सियासी चर्चाएं होने लगी हैं।

### अखिलेश को भावी पीएम बताने पर राजभर ने ली थी चुटकी

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा था कि हर नेता का सपना होता है कि वह मुख्यमंत्री बने तो एक दिन प्रधानमंत्री भी बने। सपना देखना बुरी बात नहीं है, लेकिन उसके लिए काम करना होता है। जो इन्होंने नहीं किया। ये लोग हंसी के पात्र बनते जा रहे हैं।



### इंडिया गठबंधन पर पूर्व सीएम मांझी ने बोला हमला



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से जारी शिक्षक भर्ती के रिजल्ट को राज्य में जमकर बवाल मचा हुआ है। शिक्षक अभ्यर्थियों का आरोप है कि फर्जी डिग्री पर बहाली ली जा रही है। इस बीच सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने इस मुद्दे को लेकर इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है। मांझी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि सूबे के बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति घोटाले में जॉब फॉर मनी स्कैंडल को लेकर यदि ईडी की एंट्री होगी तो घमंडिया गठबंधन के लोग कहेंगे चुनाव है, तो छापेमारी हो रही है। नियुक्ति घोटाला हो या ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला ईडी की एंट्री होनी चाहिए। मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचने वाला।

### 'अकबर' वाले बयान पर फंसे हिमंत बिस्वा

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा छत्तीसगढ़ में 'अकबर' वाले अपने बयान को लेकर बुरे फंस गए हैं। चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सरमा ने भूपेश बघेल की सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म को कमजोर कर, राज्य में धर्म परिवर्तन का बाजार खोल दिया है। सरमा ने कहा कि एक अकबर अगर एक जगह पर आता हैं तो वे सौ अकबर को बुला कर लाते हैं, ये बात भूलिए मत। इसलिए जितनी जल्दी हो सके उस अकबर को आप विदा कीजिए नहीं तो मां कौशल्या की यह भूमि अपवित्र हो जाएगी।

**अयोध्या:** राम मंदिर उद्घाटन पर विपक्ष की तेज हुई राजनीति

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में PM को न्योते पर विपक्ष का बवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन के लिए दिन तय हो गया है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा रखी जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। इस बात पर विपक्षी नेता उखड़े हुए हैं। विपक्षी नेताओं ने गुरुवार को सवाल किया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक पार्टी कार्यक्रम बन जाएगा? कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण भेजा जा रहा है। वहीं, मामले में संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा कि पीएम मोदी को आमंत्रण की जरूरत ही नहीं थी, क्योंकि वह खुद इतने बड़े कार्यक्रम से खुद को दूर नहीं रखते। अयोध्या राम मंदिर में अगले साल 24 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कार्यक्रम में उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया है। खुद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी कि वे कार्यक्रम में पहुचेंगे। पीएम मोदी ने X पर लिखा- "जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।

## ■ विपक्ष बोला- मोदी को बुलाने की क्या जरूरत?



### कांग्रेस: क्या राम मंदिर BJP का है?



कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि क्या यह अब एक पार्टी कार्यक्रम बन गया है? भगवान सबके हैं। हर पार्टी को निमंत्रण मिलना चाहिए था। उन्हें कम से कम यह स्पष्ट करना चाहिए था कि सभी को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि क्या राम मंदिर भाजपा का है? यह हमारे देश में हर किसी का है। यह हमारे सनातन धर्म का एक बहुत बड़ा प्रतीक है। मुझे बहुत खुशी है कि राम मंदिर आखिरकार बन रहा है।

### नहीं बुलाते तो भी जाते पीएम मोदी: राउत



शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने कहा कि पीएम मोदी को आमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि वह खुद इतने बड़े कार्यक्रम में शामिल होने जाते। राउत ने कहा कि राम मंदिर बनना ही था। हजारों कारसेवकों ने इसके लिए अपनी जान दे दी। सभी हिंदुत्ववादी संगठन और पार्टियां इसमें शामिल थीं। शिव सेना, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद वहां थे। लालकृष्ण आडवाणी ने रथ यात्रा निकाली। यह इन सबका परिणाम है कि राम मंदिर बनाया जा रहा है। यही कारण है कि पीएम मोदी जाएंगे और पूजा करेंगे लेकिन मुझे लगता है कि यह चुनाव की तैयारी है।

### देश-दुनिया के लिए होगा ऐतिहासिक दिन

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि 22 तारीख का जो



ऐलान हुआ है, यह देश और दुनिया के लिए बड़ा और गर्व का दिन है। यह एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इस पर आभार व्यक्त किया है। हम सब इस दिन का इंतजार कर रहे हैं और ये एक ऐतिहासिक दिन होगा। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख भी बता रहे हैं... ये मेरे लिए एक रामभक्त के रूप में मंदिर आंदोलन के एक सिपाही के रूप में गौरव की बात है। प्रधानमंत्री ने इसकी स्वीकृति दी है। रामभक्तों के लिए ये गौरव की तारीख हो जाएगी।

### राजनीतिक लाभ के लिए राम का इस्तेमाल

डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन का विवादित बयान सामने आया है।



उन्होंने कहा कि मैं क्या कह सकता हूं? किसी भी देश को अपने इतिहास पर गर्व होना चाहिए, उसे इतिहास जानना चाहिए। राम का जन्म पौराणिक कथा है, यह रामायण की कहानी है। यह साहित्य है। वे इतिहास को पौराणिक कथाओं से बदलना चाहते हैं। भाजपा यही करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में इन लोगों के साथ, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं?...वह इसे एक राजनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग करना चाहते हैं। उन्हें राम में कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने कहा कि राम को कोई महत्वपूर्ण चीज नहीं मानते, लेकिन उनका राजनीतिक लाभ महत्वपूर्ण हो जाता है, इसलिए वे अपने राजनीतिक लाभ के लिए राम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**मथुरा सांसद पर विवादित बयान**

## हमने हेमा मालिनी तक नचवा दी: नरोत्तम मिश्रा

**एजेंसी** | दतिया

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में अपनी उपलब्धियों को गिनाने में सांसद हेमा मालिनी का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में विवादित बयान दिया। नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दतिया ने उड़ान भरी तो हेमा मालिनी को भी नचवा दिया।

नरोत्तम मिश्रा का यह विवादित बयान अब वायरल हो रहा है, जिसमें वो हेमा मालिनी पर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। उनके इस बयान को लेकर अब मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'संस्कारी बीजेपी के माननीय मंत्री जी का महिलाओं को लेकर वास्तविक ओछापन भी सुनें। अपने दल की नेता को भी नहीं बख्शते।' इसी के साथ उन्होंने नरोत्तम मिश्रा का यह वीडियो भी पोस्ट किया है।



### दतिया से फिर चुनावी मैदान में

नरोत्तम मिश्रा का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें वो दिग्गज अदाकारा और मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। दरअसल, वह अपने विधानसभा क्षेत्र दतिया में हुए विकास कार्यों की चर्चा कर रहे हैं और इसी के बारे में बात करते हुए वो हेमा मालिनी के बारे में ऐसा बयान दे देते हैं। माना जाता है कि दतिया की राजनीति पर नरोत्तम मिश्रा की अच्छी पकड़ है और बीजेपी ने चौथी बार भी उन्हें ही यहां से चुनावी मैदान में उतारने का भरोसा जताया है।

## सांसद साक्षी महाराज के खिलाफ बुलडोजर एक्शन की तैयारी

**एजेंसी** | देहरादून

विस्थापित निर्मल ब्लॉक और आम बाग में सांसद साक्षी महाराज समेत पांच लोगों के निर्माणाधीन भवनों को एमडीडीए ध्वस्त करने की तैयारी में है। इसके लिए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की तरफ से नोटिस जारी कर दिए गए हैं। संबंधित लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी।

साक्षी महाराज के साथ ही सभी निर्माणकर्ताओं को नोटिस भेजा गया है और उनसे जवाब मांगा गया है। पांचों इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश भी जारी हो चुका है। हालांकि, अभी मामले में निर्माणकर्ताओं से जवाब मांगा गया है।

हाईकोर्ट के आदेश पर मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने विस्थापित निर्मल ब्लॉक और आम बाग में 57 निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारतों को सील किया था, लेकिन इनमें से पांच भवनों में सीलिंग के बावजूद काम होता मिला। इस पर प्राधिकरण के सहायक अभियंता सुरजीत सिंह रावत ने दो दिन पहले ही मंजुला पटेल और मुकेश जैन दोनों निवासी आमबाग, ऋषिकेश, कृष्णा और मनोज निवासी निर्मल बाग-2, ऋषिकेश और साक्षी महाराज निवासी निर्मल ब्लॉक-सी, ऋषिकेश के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था।

**यूपी में सियासत तेज**

# जेल में बंद आजम खान ने यूपी कांग्रेस अध्यक्ष से मिलने से किया इनकार

**एजेंसी** | सीतापुर

सीतापुर जिला कारागार में बंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिलने से इनकार कर दिया है। अजय राय गुरुवार को उनसे मुलाकात करने सीतापुर पहुंचे।

जेल प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सपा नेता आजम उनसे मिलना नहीं चाहते हैं। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है। उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि न तो आजम खां से फोन पर वार्ता कराई गई और ना ही उनसे कुछ ऐसा लिखित दिया गया कि आजम खां मिलना नहीं चाहते हैं।




### परिवार को प्रताड़ित कर रही है बीजेपी



अजय राय ने कहा कि भाजपा आजम खां, उनकी पत्नी और बेटे को प्रताड़ित कर रही है। यह ज्यादती ठीक नहीं है। वह आजम खां की लड़ाई जरूर लड़ेंगे। हम सब उनके दुख में शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा था कि मुस्लिम वोट बैंक को साधने में कांग्रेस इस मुलाकात से असर डाल सकती है। जेल सूत्रों के मुताबिक आजम खां ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। जैसे ही यह खबर जेल से बाहर आई कांग्रेस पदाधिकारियों में खलबली मच गई। सीतापुर पहुंचने पर अजय राय ने कहा कि भाजपा की सरकार आजम खां व उनके परिवार को प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस के पदाधिकारियों में चर्चा रही कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय इस दुख की घड़ी में आजम खां से मिलने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के जिन नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस उनके लिए आवाज उठा रही है।

### सप्ताह में सिर्फ एक मुलाकात का नियम

जेल प्रशासन के मुताबिक नियमानुसार सप्ताह में सिर्फ एक मुलाकात कराने का नियम है। बुधवार को आजम के बेटे अदीब ने मुलाकात कर ली है। अब अगली मुलाकात अगले सप्ताह ही संभव है। आजम ने जेल के अधिकारियों से कहा है कि वह किसी भी राजनेता से नहीं मिलना चाहते हैं। वह सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों से मिलना चाहते हैं। उन्होंने किसी अन्य नेता से मिलने को लेकर मना कर दिया है।

### मुख्तार दोषी करार, आज सुनाई जाएगी सजा



गाजीपुर माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया है। मामले में शुक्रवार सजा सुनाई जाएगी। इससे पहले भी गैंगस्टर के मामले में मुख्तार अंसारी को सजा हो चुकी है। फैसला सुनाए जाने के दौरान मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीसी के जरिए पेश किया गया। 2009 में करंडा थाना क्षेत्र में हुई हत्या और हत्या के प्रयास को आधार मानकर मुख्तार पर केस दर्ज किया गया था। करीब 14 साल पहले कपिल देव सिंह की हत्या कर दी गई थी। एमपीएमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुना दिया है। माफिया मुख्तार अंसारी और सोनू यादव को गैंगस्टर मामले में दोषी करार दिया गया है।

## जरूरी खबर

### सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत 12 की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर इलाके में बड़ा सड़क हादसा हुआ। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एसयूवी की खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि हादसे में तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह बेंगलुरु के पास चिक्कबल्लापुर की है। यहां एक एसयूवी खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें तीन महिलाओं सहित बारह लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक यातायात पुलिस स्टेशन के पास हुई। चिक्काबल्लापुर के पुलिस अधीक्षक डीएल नागेश ने कहा कि आंध्र प्रदेश स्थित एक टाटा सूमो सुबह करीब सात बजे एक ट्रक से टकरा गई। मृतक आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के गोरंटला इलाके के कोथाचेरुवु के रहने वाले थे। टक्कर के कारण एसयूवी क्षतिग्रस्त हो गई।

### 16वां भारतीय नगरीय परिवहन सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** 16वां भारतीय नगरीय परिवहन सम्मेलन-2023 शुक्रवार से शुरू होगा। इस सम्मेलन में नगरों में कुशल, गुणात्मक और समन्वित शहरी परिवहन प्रणालियों के डिजाइन और कार्यान्वयन के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी करेंगे। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय के विशेष कार्याधिकारी जयदीप ने कहा कि इस सम्मेलन में 15 से अधिक तकनीकी सत्र होंगे और गोलमेज चर्चा की भी व्यवस्था है।

### पीएम आज करेंगे मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अक्टूबर को सुबह 9:45 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल कांग्रेस 2023 के 7वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5जी यूज केस लैब्स' का पुरस्कार देंगे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है। यह 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की अविश्वसनीय प्रगति को उजागर करने और महत्वपूर्ण बातें सामने लाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

## शिरडी में साईं बाबा के दर पर पीएम मोदी



*शिरडी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शिरडी स्थित श्री साईं बाबा समाधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। मोदी के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी थे। प्रधानमंत्री ने बाद में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित निलवंडे बांध का 'जल पूजन' किया और बांध के बाएं किनारे के नहर नेटवर्क का उद्घाटन किया।*

### गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों का रंगारंग शुभारंभ

**गोवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत आज विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और अभूतपूर्व मानक स्थापित कर रहा है। मोदी ने कहा कि खेलो इंडिया से लेकर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्स तक, सरकार ने खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए एक नया पारिस्थितिकी-तंत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया सफल रहा है, क्योंकि 125 से अधिक खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में खेल-क्षेत्र के विकास का सीधा संबंध उस देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति से होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में एशियाई पैरा खेल हो रहे हैं और भारतीय एथलीटों ने रिकॉर्ड संख्या में पदक हासिल करके उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और यह देश की असाधारण खेल क्षमता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रतिभाओं से भरा है और इसमें विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर करने की क्षमता है।

### दो दिवसीय वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री

# 'इजराइल-हमास और रूस यूक्रेन से सबक लेना जरूरी'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति से सीखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना के शीर्ष अधिकारियों से तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए कहा। रक्षा मंत्री ने कहा कि तीनों सशस्त्र सेवाओं को एक साथ मिल कर सुरक्षा की चुनौतियों से निपटना चाहिए। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में दो दिवसीय वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रक्षा मंत्री को वायु सेना की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के हवाले से कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए हवाई युद्ध में नए रुझानों का विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। उन्होंने वायुसेना कमांडरों से वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और ड्रोन के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा। रक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हाल के मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान निभाए गए दायित्वों के लिए भारतीय वायुसेना की प्रशंसा की। इसके अलावा 8 अक्टूबर को प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और हवाई प्रदर्शन के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए वायुसेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए चलन सामने आ रहे हैं। वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति से सबक लेने का रक्षा मंत्री का हालिया बयान हमास-इजरायल संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में विभिन्न हवाई हमलों को जोड़कर देखा जा रहा है।



### रूस-यूक्रेन युद्ध से भारत को मिली बड़ी सीख: पांडे

**नई दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भूमि युद्ध के महत्व की पुष्टि की है और यह क्षेत्र भारत के साथ-साथ सीमा विवाद वाले देशों के मामले में 'बेहद महत्वपूर्ण' रहेगा। उन्होंने एक कार्यक्रम में संवाद सत्र में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और सेना भविष्य की किसी भी सुरक्षा चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अपनी समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर चर्चा करते हुए थलसेना प्रमुख ने कहा कि सेना ने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जो महत्वपूर्ण सबक सीखा है, वह यह है कि वह सैन्य उपकरणों के आयात पर भरोसा नहीं कर सकती है और रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हिंद-प्रशांत को एक प्रमुख क्षेत्र बताया और कहा कि भारत को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इज़राइल संघर्ष दोनों में भूमि का महत्व होने के बीच समुद्री क्षेत्र पर वैश्विक ध्यान बढ़ाने के सवाल पर जनरल पांडे ने कहा कि भारतीय संदर्भ में भूमि युद्ध महत्वपूर्ण रहेगा। हालांकि उन्होंने विशेष संदर्भ नहीं दिया, लेकिन यह स्पष्ट था कि थलसेना प्रमुख चीन के साथ सीमा मुद्दे का संकेत दे रहे थे। जनरल पांडे ने कहा कि मैंने जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष से सीखे गए सबक के बारे में उल्लेख किया है और अगर मैं प्रमुख सबक में से एक पर ध्यान दे सकता हूं- तो मुझे लगता है कि भूमि युद्ध का एक प्रमुख क्षेत्र बनी रहेगी, खासकर उन मामलों में जहां आपने सीमाओं पर संघर्ष किया है जैसा कि हमारे मामले में है।



### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एनकाउंटर

# लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी ढेर

■ सेना ने नाकाम की घुसपैठ की कोशिश



**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने गुरुवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दयिा। इस दौरान सेना ने कुल पांच आतंकवादियों को मार गिराया।

एडीजीपी कश्मीर ने बताया कि लश्कर के तीन और आतंकवादी मारे गए। दो आतंकवादी पहले मारे गए थे। इस तरह कुल 5 आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। इनकी पहचान सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही मौके पर तलाशी अभियान जारी है।

श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों की ओर से 26 अक्टूबर को चलाए गए एक संयुक्त अभियान में कुपवाड़ा सेक्टर में एलओसी पर सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

### पीएम को तोहफे में मिला था

# गोल्डन टेंपल मॉडल की नीलामी का विरोध

**एजेंसी** | चंडीगढ़

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने (एसजीपीसी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार में दिए गए गोल्डन टेंपल के मॉडल की नीलामी के सरकार के फैसले का विरोध किया है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को मिले तोहफों की ई-नीलामी शुरू की गई है। इसके तहत श्री हरमंदिर साहिब के मॉडल के लिए 31 अक्तूबर शाम 5 बजे तक बोलियां आमंत्रित की गई हैं। ये मॉडल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से पीएम मोदी को भेंट किया गया था। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने इस मामले पर कड़ा ऐतराज जताया हैं और इस मॉडल की जल्द से जल्द नीलामी रोकने की मांग की है।

### जकार्ता के रिकॉर्ड को छोड़ा पीछे

# भारत ने एशियाई पैरा खेलों में रचा इतिहास, अब तक जीते 82 मेडल

**एजेंसी** | हांगझोऊ

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने गुरुवार को इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाते हुए अपने कुल पदक की संख्या को 82 तक पहुंचाया, जिसमें 18 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है।

भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 18 पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीते हैं। हालांकि पदक तालिका में दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया भारत को पछाड़कर आगे निकल गए हैं जबकि चीन (156 स्वर्ण, 128 रजत और 108 कांस्य) शीर्ष पर चल रहा है। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। भारत ने जकार्ता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य पदक सहित 72 पदक जीते थे। भारत के कुल 82 पदक में एथलेटिक्स का योगदान 45 पदक का है, जबकि 18 स्वर्ण पदक में से 14 भारत ने ट्रैक एवं फील्ड में जीते हैं। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सर्जेराव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।









### राइफल और तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्ल्यूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ीह को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### गोला और चक्का फेंक में रजत

सिमरन और भाग्यश्री माधवराव जाधव ने महिला टी12 100 मीटर और महिला एफ34 गोला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीते। सिमरन ने 26.12 सेकंड का समय लिया, जबकि भाग्यश्री ने 7.54 मीटर की दूरी तय की। मोनु घंगास ने पुरुष एफ11 चक्का फेंक में 37.87 मीटर की दूसरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। नारायण ठाकुर ने पुरुष टी35 100 मीटर में 14.37 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जबकि श्रेयांश त्रिवेदी (12.24 सेकेंड) को भी पुरुष टी37 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। मुथुराजा ने पुरुष एफ55 गोला फेंक स्पर्धा में 10.42 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। पैरा बैडमिंटन में सुकांत इंदूकांत कदम (पुरुष एकल एसएल4), सिवन नित्या सुमथी (महिला एकल एसएच6), मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5), मनदीप कौर और मनीषा (महिला युगल एसएल3-एसयू5), कृष्णा नागर और सिवराजन एस (पुरुष युगल एसएच6) तथा प्रमोद भगत और सुकांत (पुरुष युगल एसएल3-एसएल4) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले गंवाने के बाद कांस्य पदक जीते। शतरंज में भावेशकुमार रति हिमांशी ने महिला व्यक्तिगत स्टैंडर्ड वी1-बी1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'कोड रेड-3.0 ट्रायथलॉन' का शुभारंभ

# दो हजार युवा उतरे देश को बदलने



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के मंच पर 658 टीमों के हजारों युवाओं का टैलेंट शोकेस हुआ तो नवाचार देखने को मिले। हर हाथ ने कुछ नया करने की कोशिश की। जद्दोजेहद के बीच कई टीमों के युवाओं ने क्रिएटिविटी से अचंभित किया। ये अनूठा नजारा था नए विचारों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए एसीआईसी-वीजीयू फाउंडेशन की ओर से विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'कोड रेड-3.0 ट्रायथलॉन' का, जिसमें हजारों युवा एक मंच पर आए हैं। 4 दिवसीय कार्यक्रम हैकथॉन, डिजाइनथॉन और यूथ आइडियाथॉन का उद्देश्य नए स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) नीति आयोग द्वारा समर्थित भारत का पहला कार्यात्मक एसीआईसी है। फाउंडेशन का लक्ष्य जमीनी स्तर पर नवप्रवर्तकों का समर्थन करना है। आयोजन देश भर के छात्रों को किसी समस्या का समाधान खोजने और विकसित करने का अवसर भी है।



### जीतने वाली टीम को 7,50,000 का पुरस्कार

कार्यक्रम में 14 यूनिवर्सिटीज की 658 टीमें हैं, जिन्होंने पहले दिन उत्साह और जोश के साथ पार्टिसिपेट करते हुए कई रोचक इनोवेशन से चौंका दिया। कार्यक्रम की मुख्य थीम में टेक, प्रोडक्ट, ओपन इनोवेशन तथा सोशल एंटरप्रेन्योरशिप शामिल हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में में क्रैक एड सह-संस्थापक देबोजीत, आईटी कंसल्टेंट कॉरपोरेट ट्रेनी और लाइनक्सवर्ल्ड इंफोर्मेटिक्स फाउंडर विमल डागा तथा विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओंकार बागरिया मौजूद रहे। जीतने वाली टीम को 7,50,000 का पुरस्कार दिया जाएगा।

### सुनने, पढ़ने और लिखने पर दें ध्यान

देबोजीत ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुनने में, पढ़ने में और लिखने में अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। विमल डागा ने कहा कि कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विश्वविद्यालयों तथा प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से लगभग 2 हजार प्रतिभागी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए हैं। एसीआईसी-विजीयू एक्जीक्यूटिव चेयर गौरव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विचारों को बढ़ावा देना तथा सुनिश्चित करना है, कि उनमें कई स्टार्टअप में परिवर्तित हो सकें। सभी विजेता टीमों को एसीआईसी-वीजीयू फाउंडेशन से इनक्यूबेशन समर्थन दिया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक स्टूडियो, मेंटरशिप, हैंड होल्डिंग सपोर्ट, फंडिंग अवसर, सह-कार्य स्थान आदि शामिल हैं। विचारों को बेहतर बनाने के लिए उद्योग विशेषज्ञों और कौशल सलाहकारों से जुड़ने का मौका दिया जाएगा। कई लोगों से मिलना, संपर्कों का आदान-प्रदान करना, विश्वसनीय सलाहकार ढूंढना और संभावित निवेशकों से मिलना आदि फायदे दिए जाएंगे।

## आचार्य सागर से लिया आशीर्वाद



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी मुख्य मंदिर में प्रवासरत आर्यिका विशेषमति माताजी ने समाज के साथ इमली फाटक आकर जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर के आदिनाथ चैत्यालय ज्योतिनगर से विहार कर रहे आचार्य सौरभ सागर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा तीन परिक्रमा कर गुरु वंदन किया। जनकपुरी-ज्योतिनगर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि दोनों संतों के इमली फाटक पर मिलन के इस दृश्य को देखकर समाज के लोग अभिभूत हो गए। आर्यिका श्री के साथ आई जनकपुरी समाज की महिलाओं ने मंगल कलशों के साथ आचार्य श्री का स्वागत किया। समाज के उपस्थित सदस्यों ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन कर आरती की। इसके बाद आचार्य श्री ने आगे जय जवान कॉलोनी के लिए तथा आर्यिका श्री ने वापस जनकपुरी के लिए विहार किया।

## तीर्थंकर नेमिनाथ का मंचन

**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच के 60 साल पूरे होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक तीर्थंकर नेमिनाथ व नारायण श्रीकृष्ण का मंचन होगा। शुक्रवार को होने वाला नाटक शशि जैन द्वारा लिखित व राजेंद्र शर्मा राजू द्वारा निर्देशित है। मंचन मिनी थिएटर में होगा और दर्शकों का प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## राज दरबार में विराजे श्याम प्रभु




**बेधड़क. जयपुर।** श्रीश्याम मित्र परिवार सेवा समिति मुरलीपुरा स्कीम का 30वां वार्षिक श्याम महोत्सव मुरलीपुरा स्कीम के मुख्य सर्किल पर मनाया गया। समिति अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि राजमहल की तर्ज पर श्याम प्रभु का दरबार सजाकर मंत्रोच्चार के साथ अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। समिति के शशि हरिरामानी, सदस्य महावीर सेन, शंकर शर्मा सहित अन्य ने प्रभु की महाआरती की। श्याम प्रभु, प्रथम पूज्य गणेशजी, हनुमान जी महाराज, विश्वकर्मा भगवान और संत नारायणदास महाराज विराजित दरबार में गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का श्रीगणेश हुआ। इसके बाद हनुमानजी महाराज, मां दुर्गा और पितृों को रिझाया गया। मंगलाचरण के बाद इत्र और पुष्प वर्षा के बीच मुरादाबाद की शिल्पी कौशिक ने श्याम भक्ति के रस से सराबोर भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। आयुष सोमानी ने खाटू नरेश की महिमा का गुणगान कर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। अमित नामा और महेश परमार ने भजन संध्या को परवान पर पहुंचा। हेमंत मखीजा सहित अनेक भजन गायकों ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी।

## City इवेंट्स

### जय प्रताप पर बनेगी फिल्म

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश की कहानी एक बार फिर बड़े पर्दे पर होगी। इस बार बॉलीवुड प्रोड्यूसर सुरजीत सिंह राठौड़ गुजरात स्थित छोटा उदयपुर के महाराजा जय प्रताप सिंह और महारानी तनवीर के जीवन पर आधारित फिल्म बनाएंगे। फिल्म का प्रोडक्शन जिओ म्यूजिक कंपनी कर रही है। कहानी का लेखन दबंग, घायल, घातक जैसी फिल्मों के लेखक दिलीप शुक्ला कर रहे हैं। मूवी में मुख्य किरदार निभा रहे जयपुर के सुरजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि फिल्म की शूटिंग छोटा उदयपुर, जयपुर, मुंबई में की जाएगी। महारानी के किरदार के लिए हीर तलाविया को कास्ट किया गया है। हीर तलाविया फिल्म के माध्यम से बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं। जय प्रताप सिंह चौहन ने बहुत कम समय में अपनी रियासत का राजपाट संभाल लिया था और महारानी तनवीर महाराजा से प्यार करती थी, इसलिए वो अपने घराने को छोड़कर छोटा उदयपुर आ गई थी।



### डर्मेटोलॉजी पर पैनल डिस्कशन आज

**बेधड़क, जयपुर।** डर्मेटोलॉजी व कॉस्मेटोलॉजी से जुड़े विविध पहलुओं पर शुक्रवार को विशेषज्ञ डिस्कशन करेंगे और इन क्षेत्रों के लेटेस्ट ट्रेंड्ज के बारे में बताएंगे। मौका होगा 'चेंजिंग ऐरा ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड कॉस्मेटोलॉजी' विषय पर कॉन्फ्रेंस व पैनल डिस्कशन का। वैशाली नगर में होने वाली कॉन्फ्रेंस में विभिन्न सत्रों के दौरान विशेषज्ञों द्वारा डर्मेटोलॉजी और कॉस्मेटोलॉजी क्षेत्रों में समय के साथ आने वाले बदलावों पर मंथन किया जाएगा। विशेषज्ञों में डॉ. पिंकी सरकार भाटिया, डॉ. शांतनु व्यास, डॉ. शैलेंद्र झांडु, डॉ. गीतांजलि देवगढ़ा और डॉ. कृति अवस्थी शामिल होंगे।

### एक्सपर्ट्स ने जयपुर में मनाया जश्न



**बेधड़क, जयपुर।** गुलाबी नगरी में अब टूरिज्म और डिस्टिनेशन को और बढ़ावा मिलेगा। दुनिया भर से जयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग करने आने वालों को यहां हेरिटेज, मॉडर्न और हर तरह की टच और ज्यादा मायने में मिलेगा। यह कहना था एक्सपर्ट नलिन मेंदीरत्ता का। उन्होंने बताया कि विश्व की पहली और सबसे बड़ी होटल ब्रांड इंटरकॉन्टिनेंटल की सुविधा अब जयपुर में होगी, क्योंकि क्राउन प्लाजा को इंटरकॉन्टिनेंटल का खिताब मिला है और वह परिवर्तित हो गई है। अनविलिंग कार्यक्रम में मेंदीरत्ता ने बताया कि जयपुर में यह तमगा मिलने से दुनिया की नजर हम पर है। ऐसे में टूरिज्म और वेडिंग इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम में कई एक्सपर्ट उपस्थित रहे, जिन्होंने जश्न मनाया।

## जापान टूरिज्म एक्सपो में राजस्थान आने का न्योता

# 'पधारो म्हारे देश' सिर्फ एक स्लोगन नहीं है, यह राजस्थान की संस्कृति



**बेधड़क | जयपुर**

जापान के ओसाका शहर में जापान टूरिज्म एक्सपो के पहले दिन राजस्थान टूरिज्म के पवेलियन ने जापानी व इंटरनेशनल टूरिस्ट को प्रभावित किया।

इस मौके पर राजस्थान पर्यटन की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़, संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच व उप-निदेशक दलीप सिंह राठौड़ मौजूद रहे। राठौड़ ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन जगत को राजस्थान आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, कि 'पधारो म्हारे देश'... सिर्फ एक स्लोगन नहीं है। यह राजस्थान की संस्कृति है। राजस्थान पर्यटन विभाग के अनुसार इस साल सितंबर तक राज्य में आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की अनुमानित संख्या 10 करोड़ से अधिक है। इस वर्ष राज्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 11वें से 7 स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि राजस्थान पर्यटन आने वाले भविष्य में राज्य की जीडीपी के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में उभरने की ओर है।

गौरतलब है कि जापान एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स 26 से 29 अक्टूबर तक इंटेक्स ओसाका में 'टूरिज्म एक्सपो जापान-2023 का आयोजन कर रहा है। एक्सपो की थीम 'पर्यटन यात्रा एक त्यौहार की तरह है जो आपको भविष्य से मिलवाता है' रखी गई है। थीम को वैश्विक पर्यटन उद्योग के भविष्य से जोड़ा गया है।

## कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज में सम्मेलन

# 'शेक्सपियर सलिलक्वी, मोनोलॉग, मौन विचार व भाषण' पर हुई बात




**बेधड़क | जयपुर**

कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के इंग्लिश डिपार्टमेंट और शेक्सपियर एसोसिएशन (भारत) की ओर से तीन दिवसीय सम्मेलन 'शेक्सपियर सलिलक्वी, मोनोलॉग, मौन विचार व भाषण' की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि प्रो. अभई मौर्य पूर्व उप-कुलपति ईएफएलयू हैदराबाद व मुख्य वक्ता प्रो. भीम एस दहिया अध्यक्ष भारतीय शेक्सपियर एसोसिएशन (भारत) थे। कॉलेज निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने उदघाटन व प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. अभई मौर्य ने शेक्सपियर की रचनाओं और मोनोलॉग के महत्व पर बात की। उन्होंने शेक्सपियर के काव्य शास्त्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की और शेक्सपियर के भाषणों के गहरे अर्थ और मोनोलॉग के आदर्श को बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रो. भीम एस दहिया ने सम्मेलन का महत्व बताया। शेक्सपियर के कृतियों के अध्ययन में भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका का सुझाव दिया। सम्मेलन के पहले दिन दो सत्र व एक समानांतर सत्र का आयोजन किया गया। सम्मेलन ने शेक्सपियर के श्रेष्ठ रचनाओं के बारे में गहरी समझ और विचारमूलक चर्चा का माध्यम प्रदान किया। सम्मेलन में सभी विषयों और उप-विषयों के संबंध में पत्र-वाचन भी किए गए।

**इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस** | जयपुर में एक मंच पर जुटे दिग्गज और दी कई रोचक जानकारियां

# एक्सपर्ट्स ने स्मार्ट सिस्टम इनोवेशन का महत्व किया शेयर

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में कंप्यूटिंग व इनोवेशन के कई प्रमुख दिग्गज एक मंच पर जुटे और कई रोचक जानकारियां शेयर कीं। ये थे मणिपाल यूनिवर्सिटी में 'स्मार्ट सिस्टम: इनोवेशन इन कंप्यूटिंग (एसएसआईसी-2023)' विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में आए विशेषज्ञ।

स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी-इसरो) सीएसआईजी-सीआईटीए ग्रुप डायरेक्टर दर्शन के पटेल और गेस्ट ऑफ ऑनर एफ इसरो के साइंटिस्ट जय गोपाल सिंगला ने इस दो दिवसीय आयोजन का उद्घाटन किया।

कंप्यूटिंग क्षेत्र के तेजी से हो रहे विकास और आधुनिक समाज पर इसके अहम प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। इसमें दुनिया भर के रिसर्चर्स, विशेषज्ञों, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और दूरदर्शी व्यक्तियों की मौजूदगी रही।

सभी ने कॉन्फ्रेंस के मंच पर अभूतपूर्व विचारों पर चर्चा की, उनकी पड़ताल की और इन्हें आपस में साझा किया।




### इन देशों के विशेषज्ञों ने जयपुर में रखे कदम

कार्यक्रम में सोमानी आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रोफेसर अरुण सोमानी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खड़गपुर के प्रोफेसर सुदीप मिश्रा, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी ऑस्ट्रेलिया की प्रोफेसर प्रियदर्शी नंदा, इलिनोइस यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रोफेसर रॉय डी मैग्नसन जैसे अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए। सभी ने कंप्यूटिंग के भविष्य पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कॉन्फ्रेंस के तहत प्रजेंटेशन, पैनल डिस्कशंस और वर्कशॉप्स की श्रृंखला शामिल की गई है, जिनसे कंप्यूटिंग में नवीनतम विकास व रुझानों पर गहराई से नजर डाली जा रही है। कॉन्फ्रेंस कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस सहित अन्य प्रमुख विषयों में आपसी सहयोग व नॉलेज के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी।



कौन सीखा है सिर्फ बातों से,
सबको एक हादसा जरूरी है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

गाजा में इजरायली सेना का पहला सर्जिकल स्ट्राइक

# भारत के कारण हमास ने किया इजराइल पर हमला



*तेल अवीव। सात अक्टूबर से छिड़ी जंग के बीच इजराइली सेना ने पहली बार गाजा पट्टी में जमीनी आक्रमण किया है। इजराइल ने कहा है कि उसकी सेना ने जमीन के रास्ते गाजा पट्टी में जाकर हमास के ठिकानों पर हमला किया। बुधवार रात हमास के ठिकानों पर ये अटैक करने के बाद सेना लौट आई। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी देश के नागरिकों को दिए एक संदेश में कहा है कि गाजा में जमीनी हमला बड़े आक्रमण की तैयारियों में से एक हो सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि वह इस बारे में ज्यादा नहीं बताएंगे। इजराइली सेना के रेडियो ने कहा कि उनकी सेना ने हमास के खिलाफ मौजूदा युद्ध में रातोंरात उत्तरी गाजा में अपनी सबसे बड़ी रेड की है। सेना ने 'एक्स' पर एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें टैंकों को अवरोध तोड़ते हुए इमारतों को उड़ाते हुए दिखाया गया है।*

एजेंसी | वाशिंगटन

इजराइल और हमास युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत का एंगल दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें इस बात का विश्वास है कि हमास द्वारा इजराइल पर आतंकी हमला करने का एक कारण हाल ही में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर की गई घोषणा है। यह योजना पूरे क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ता है। 7 अक्टूबर को आतंकी समूह हमास द्वारा किए गए हमलों में 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू की है। बाइडेन ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को दौरान यह एंगल दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके पास कोई सबूत नहीं है। बाइडेन ने कहा, 'मैं इस बात से आश्वस्त हूं कि जब हमास ने हमला किया था तो उन कारणों में से एक कारण था।

### जो बाइडेन ने जंग को दिया नया एंगल



### सबूत नहीं, अंतरात्मा कह रही

मेरे पास इसका कोई सबूत नहीं है, बस मेरी अंतरात्मा मुझे यह बताती है।' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम उस काम को पीछे नहीं छोड़ सकते हैं। एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब बाइडेन ने हमास द्वारा आतंकवादी हमले के संभावित कारण के रूप में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) का उल्लेख किया है।

### नए गलियारे में कौन शामिल

इस नए आर्थिक गलियारे की अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, यूएई, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ के नेताओं ने संयुक्त रूप से घोषणा की थी। इस गलियारे में एक पूर्वी गलियारा शामिल है जो भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ता है। एक उत्तरी गलियारा है जो खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ता है।

कतर: भारत के पूर्व नौसैनिकों को सुनाई सजा-ए- मौत

# भारत देगा इसे चुनौती

एजेंसी | दोहा

भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। कतर सरकार ने पिछले एक साल से इन भारतीयों को कैद में रखा हुआ था। भारत सरकार ने कतर की अदालत के फैसले पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि वह इस फैसले को चुनौती देगा। यही नहीं भारत सरकार ने कहा है कि वह हर विकल्प पर विचार कर रही है। इससे पहले भारत ने कतर की सरकार से अपील की थी कि वह भारत के पूर्व नौसैनिकों पर दया दिखाए और उन्हें छोड़ दे। कतर का दावा है कि ये इजराइल के लिए जासूसी कर रहे थे।

भारत सरकार अब इन पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के लिए कानूनी कदम उठा रही है। ये पूर्व भारतीय नौसैनिक एक समय में भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर काम कर चुके हैं। ये अभी दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम कर रहे थे। यह एक प्राइवेट कंपनी है।



### कतर ने कभी नहीं बताए आरोप

कतर की अदालत की ओर से यह इस मामले में पहला फैसला है। भारत के एक पत्रकार कतर में इस पूरे मामले की रिपोर्टिंग कर रहे थे, उन्हें भी कतर के अधिकारियों ने जाने के लिए कह दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा, 'हम इस मौत की सजा के फैसले से बहुत हैरान हैं और विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम इन पूर्व नौसैनिकों के परिवार वालों और कानूनी टीम के साथ संपर्क में हैं। हम सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।'

### भारत दे रहा प्राथमिकता

भारत ने कहा कि हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और करीबी नजर बनाए हुए हैं। हम सभी तरह की काउंसलर और कानूनी सहायता मुहैया कराते रहेंगे। हम इस पूरे मामले को कतर की सरकार से उठाते रहेंगे। इससे पहले कतर में भारत के राजदूत और उनके डेप्युटी ने 1 अक्टूबर को जेल में इन पूर्व नौसैनिकों से मुलाकात की थी। कतर ने इनके लिए काउंसलर एक्सेस मुहैया कराया था। कतर ने कभी भी भारतीयों के खिलाफ लगाए गए आरोप का डिटेल नहीं दिया है।

न अपील, ना दलील: नवाज शरीफ की वापसी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं

# पाकिस्तान में चुप्पी, ऐसी क्या है मजबूरी!

एजेंसी | नई दिल्ली

पाकिस्तान में तीन बार के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ आखिरकार चार साल का आत्म-निर्वासन खत्म कर 21 अक्टूबर को वतन वापस लौट आए। कई महीनों से पाकिस्तान में उनकी वतन वापसी की अटकलें लगाई जा रही थीं।

अटकलें ये भी थीं कि अगर वो पाकिस्तान आते हैं तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जेल भेज दिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। न तो न्यायपालिका के किसी नुमाइंदे ने और ना ही कार्यपालिका यानी प्रशासन की तरफ से उनकी गिरफ्तारी की बात की। औरत तो और, ना ही किसी ने उनके खिलाफ लंबित मुकदमों पर अदालतों में अपील की।

दरअसल, उनके बारे में सियासी गलियारों में चल रही अटकलें कई चीजों पर निर्भर थीं। पहली तो इसके पीछे पाकिस्तान की राजनीतिक परिस्थितियाँ जिम्मेदार हैं, जिसमें यह तय नहीं हो पा रहा था कि वहां चुनाव होंगे या नहीं, या सेना द्वारा ही लंबे समय तक कार्यवाहक व्यवस्था चलाई जाएगी? दूसरा, अगर नवाज वापस लौटते हैं तो उन्हें किस तरह की न्यायिक व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा?

नवाज शरीफ अपनी वापसी का समय चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल के रिटायरमेंट के बाद तय करना चाहते थे।




## अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ल्यूइस्टन शहर में बुधवार को तीन जगहों पर गोलीबारी की घटना में कम से कम 22 लोगों की मारे जाने और 50-60 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। गोलीबारी की घटना देर रात की है। आरोपी बंदूक सहित फरार है। घटना को बॉलिंग एली, लोकल बार सहित वॉलमार्ट सेंटर में अंजाम दिया गया।

## स्पेस में भेजा कम उम्र वाला दल

**बीजिंग।** अंतरिक्ष यात्रियों को 2030 से पहले चांद पर भेजने की योजना बना रहे चीन ने गुरुवार को अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपने सबसे कम उम्र के दल को रवाना किया। उत्तर-पश्चिमी चीन में गोबी रेगिस्तान के किनारे पर स्थित 'जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर' से पूर्वाह्न 11 बजकर 14 मिनट पर लॉन्ग मार्च 2-एफ रॉकेट के माध्यम से शेनझोउ 17 अंतरिक्ष यान ने अंतरिक्ष दल को लेकर उड़ान भरी। सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने बताया कि 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण मिशन की शुरुआत से भेजे गए दलों में इस तीन सदस्यीय दल की औसत आयु सबसे कम है। सरकारी मीडिया 'चाइना डेली' ने कहा कि अंतरिक्ष दल की औसत आयु 38 साल है।

अंतरिक्ष में प्रतिद्वंद्विता के बीच चीन इस दशक के अंत तक चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना पर काम कर रहा है। यह दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की प्रतिस्पर्धा के नए क्षेत्रों दर्शाता है।

चीन में मिला टापिर का कंकाल

# शरीर सूअर जैसा और नाक हाथी जैसी

एजेंसी | बीजिंग

चीन में एक अनोखे जानवर का कंकाल मिला है। जिसके आधार पर पाया गया है कि इसका शरीर सूअर के जैसा था, लेकिन नाक हाथी की तरह थी। वहीं, इसकी भौहें गैंडे की तरह और गाय जैसी पूंछ थी। टापिर नाम का ये जादुई जानवर 2,000 साल पहले उत्तर पश्चिमी चीन के शानक्सी प्रांत के शीआ में पाया जाता था। इसके कंकाल शीआ स्थित हान राजवंश के शाही मकबरों में पाए गए हैं। सोमवार से बुधवार तक शीआन में चले चौथे चीनी पुरातत्व सम्मेलन में पुरातत्वविदों ने पश्चिमी हान राजवंश के सम्राट वेंडी के दौर की कब्रों से मिले पशुओं के कंकालों के बारे में जानकारी दी है।



### हान राजवंश के दौरान थे टापिर

के-10 नाम की कब्र में दो मीटर से अधिक लंबाई वाले एक बड़े जानवर का पूरा कंकाल पाया गया। इसकी खोपड़ी में दो दांत थे। इसकी हाथी की तरह नाक और भौहें गैंडे जैसी थीं। यह मलेशिया, सुमात्रा और थाईलैंड में भी पाया जाता था। टापिर करीब 2000 साल पहले ही चीन में विलुप्त हो चुके हैं। हान राजवंश के एक अच्छी तरह से संरक्षित टापिर कंकाल की यह खोज बताती है कि उस समय उत्तरी चीन में ये टापिर मौजूद थे।

### 5 प्रजातियां अब भी धरती पर

पुरातत्वविदों ने बताया कि 23 जानवरों को दफनाने वाले गड्ढों की खुदाई की गई, जिससे जानवरों की 11 अलग-अलग प्रजातियों का पता चला। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा में जादुई जानवर टापिर की हुई है। टापिर को सपने देखने वाला जानवर भी कहा जाता था। अमेरिका के जेनवर जू का दावा है कि टापिर की 5 प्रजातियां अब भी धरती पर हैं। इनमें सबसे अहम मलायन टापिर या एशियन टापिर है। ये 6 से 8 फीट तक लंबे होते हैं। इनका वजन भी 250 किलो के करीब होता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl